केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
16 वर्षों से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com


महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

जिस बात पर हर कोई मुस्कुरा दे, वही बात सब से खूबसूरत है

वर्ष : 16 अंक : 282 | उज्जैन, बुधवार 25 मार्च 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### वजन घटाने वाली दवाओं की बिक्री पर सख्ती, क्लिनिक से लेकर फार्मेसी तक पड़ रहे छापे



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** देश के ड्रग कंट्रोलर ने GLP-1 आधारित वजन घटाने वाली दवाओं की बिना अनुमति बिक्री और प्रचार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। यह कदम बाजार में GLP-1 दवाओं के कई जेनेरिक संस्करणों के आने के बाद उठाया गया है। Ozempic और Mounjaro जैसी दवाओं को लेकर काफी विवाद चल रहा था। दरअसल अधिकारियों को चिंता है कि ये दवाएं बिना चिकित्सक की प्रिस्क्रिप्शन के सिर्फ लोगों की मांग पर उपलब्ध कराई जा रही है। और इसके लिए रिटेल फार्मेसी, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, थोक विक्रेता और वेलनेस क्लिनिकों को जरिया बनाया जा रहा है। इस संबंध में ड्रग कंट्रोलर ने 10 मार्च को दवा निर्माताओं के लिए एक डिटेल एडवाइजरी भी जारी की है। इसके मुताबिक, उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले या ऑफ लेबल उपयोग को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसी भी सरोगेट विज्ञापन या अप्रत्यक्ष प्रचार पर बैन लगा दिया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दवा की सप्लाई चेन में नैतिक तरीकों को सुनिश्चित करने के लिए नियामक निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया है। मंत्रालय का कहना है कि उचित चिकित्सकीय देखरेख के बिना इन दवाओं का उपयोग करने से गंभीर दुष्प्रभाव और स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। बता दें कि हाल ही में दवाओं को लेकर निगरानी बढ़ गई है। ड्रग रेगुलेटर ने देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित ऑनलाइन फार्मेसी के गोदाम, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और वेलनेस या स्लिमिंग क्लीनिक का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कहा कि भारत में इन दवाओं को केवल एंडोक्रिनोलॉजिस्ट और इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञों के प्रिस्क्रिप्शन पर ही मंजूरी दी गई है।कार्डियोलॉजिस्ट केवल कुछ विशेष उपयोगों के लिए इन्हें लिख सकते हैं।

### 114 राफेल, 60 MTA विमान और AEW&C का सौदा कब तक होगा पूरा?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाने के लिए भारत वित्त वर्ष 2026-27 में कई बड़े कॉन्ट्रैक्ट पूरी करने की तैयारी में है। इनमें 114 राफेल फाइटर जेट, 60 तक मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (एमटीए) और एक्स्ट्रा एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यू एंड सी) सिस्टम खरीद सौदा शामिल है। इस बात की जानकारी रक्षा मंत्रालय ने संसदीय समिति को दी। मंत्रालय ने रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति को बताया को बताया, 2025-26 के बजट अनुमानों की तुलना में इंडियन एयरफोर्स के कैपिटल बजट में 37.03% की बढ़ोतरी हुई है। आवंटित फंड का इस्तेमाल कुछ बड़ी नई योजनाओं के लिए करने की योजना है, जैसे मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट, कॉम्बैट इनेबलर्स, मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और मीडियम-एल्टीट्यूड लॉन्ग-एंड्योरेंस RPA, इसके अलावा पहले से चल रही जरूरी देनदारियों के लिए भी इसका इस्तेमाल होगा। इस साल फरवरी में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट कार्यक्रम के तहत 114 राफेल जेट की खरीद को मंजूरी दी। इन जेट और सैन्य साजो-सामान के लिए प्रस्तावित सौदे की लागत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। MRFA मॉडल के तहत नए राफेल विमान भारत में ही फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन द्वारा एक भारतीय पार्टनर के सहयोग से बनाए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए, विशेष रूप से मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में समिति वायु सेना से आग्रह करती है कि वह आधुनिकीकरण और तकनीकी उन्नयन के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग हथियारों और अन्य महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म की खरीद में प्रभावी ढंग से करे।

# विकास पुरुष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवः सशक्त नेतृत्व और समृद्ध मध्यप्रदेश का संकल्प

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश की पावन धरा पर उज्जैन के लाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का व्यक्तित्व एक कुशल राजनेता, प्रखर विद्वान और दूरदर्शी प्रशासक का अद्भुत संगम है। 25 मार्च को उनके जन्मदिवस के अवसर पर, मध्यप्रदेश एक ऐसे दौर में है जहाँ परंपरा और आधुनिकता का सामंजस्य बिठाते हुए विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। एक छात्र नेता से सूबे के मुख्यमंत्री तक का उनका सफर उनकी कर्मठता और जन-कल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

### कैबिनेट के साथियों का सहयोग और टीम वर्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्य करने की शैली सामूहिक नेतृत्व पर आधारित है। अपनी कैबिनेट के वरिष्ठ और युवा साथियों के साथ तालमेल बिठाकर उन्होंने शासन में पारदर्शिता और गतिशीलता ला दी है। उनका मानना है कि मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए विभाग दर विभाग समन्वय आवश्यक है, जिससे जनहितकारी योजनाओं का लाभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की शिक्षा अनुरूप अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँच सके।

### सांस्कृतिक पुनरुत्थान और गौरव की पुनर्स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है। श्री महाकाल महालोक के विस्तारीकरण के द्वितीय चरण के कार्यों को उन्होंने गति दी है, जिससे उज्जैन न केवल धार्मिक बल्कि वैश्विक पर्यटन का केंद्र बन गया है। भारतीय कालगणना और सम्राट विक्रमादित्य के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए विक्रमोत्सव को विश्व स्तरीय स्वरूप प्रदान करना उनकी सांस्कृतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है।श्री कृष्ण पाथेय,श्री पशुपतिनाथ लोक से प्रदेश में धार्मिक तीर्थाटन से स्थानीय विकास को गति प्रदान की जा रही है।

### सिंहस्थ 2028- विश्व स्तरीय आयोजन की संकल्पना

आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। उनकी संकल्पना है कि उज्जैन का सिंहस्थ अब तक का सबसे भव्य, सुविधायुक्त और डिजिटल तकनीक से लैस आयोजन बने,जिससे सनातन संस्कृति के वैभव को वैश्विक पटल पर एक नवीन पहचान मिल सके। इसके लिए आधारभूत संरचना, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए व्यापक बजट से व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

### नदी संरक्षण- मां क्षिप्रा का कायाकल्प और जल संवर्धन

मुख्यमंत्री का अपनी मातृभूमि और जीवनदायिनी क्षिप्रा के प्रति विशेष लगाव है।

क्षिप्रा नदी विकास- नदी को स्वच्छ,अविरल और निर्मल बनाने के लिए कान्ह नदी के पानी को कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना से डायवर्ट कर निर्मल बनाने का कार्य तेजी से हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव की परिकल्पना सिंहस्थ 2028 में शिप्रा में शिप्रा के जल से स्नान को साकार करती सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना का विकास तेजी से किया जा रहा है।

शिप्रा रिवर फ्रंट विकास- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना को साकार कर बनाया गया अहमदाबाद के साबरमती की तर्ज पर क्षिप्रा के तटों को रिवर फ्रंट के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ यहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य भी निखरे।

जल संवर्धन-पूरे प्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण और भू-जल स्तर सुधारने के लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाए हैं, ताकि भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट से बचाया जा सके।



### किसान, वनवासी और औद्योगिक विकास, त्रिकोणीय प्रगति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विजन मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है

किसान कल्याण-केंद्र की किसान सम्मान निधि के साथ प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाकर राज्य की ओर कृषकों को अतिरिक्त लाभ और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बोनस देकर किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की जा रही है।

वनवासी कल्याण- आदिवासी अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन और पीएम मित्रा पार्क वनवासी अंचलों में विकास कर और वनवासियों भाइयों बहनों की संस्कृति के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

औद्योगिक विकास-प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जैसे आयोजनों के माध्यम से वे उद्योगपतियों को आमंत्रित कर रहे हैं, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। उनकी उच्च शैक्षणिक योग्यता उनकी कार्यप्रणाली में स्पष्ट झलकती है, जहाँ वे तर्कों और तथ्यों के साथ प्रदेश के हित में कड़े निर्णय लेने से नहीं हिचकिचाते।

## मोबाइल फोन में बचा डेटा अगले रिचार्ज में शामिल होना चाहिए, राघव चड्ढा ने राज्यसभा में उठाया मामला



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने कहा है कि रिचार्ज प्लान में बचा हुआ मोबाइल डेटा अगले साइकिल में कैरी-फॉरवर्ड करने की सुविधा मिले।

चड्ढा ने राज्यसभा में शून्य काल के दौरान कहा कि ग्राहक जिस डेटा के पैसे दे चुके हैं, उसे इस्तेमाल कर सकें। टेलीकॉम कंपनियां 1.5 जीबी, 2जीबी या 3 जीबी प्रतिदिन जैसी लिमिट वाले प्लान देती हैं, जो हर 24 घंटे में रीसेट हो जाते हैं। ऐसे में दिन के अंत में बचा डेटा एक्सपायर हो जाता है।

चड्ढा ने क्या सुझाव दिया- चड्ढा ने सुझाव दिया कि दिन के अंत में बचा डेटा अगले दिन की डेली डेटा लिमिट में जोड़ा जाए। कोई ग्राहक कई साइकिल तक डेटा का कम इस्तेमाल करता है तो उसे अगले रिचार्ज में अनयूज्ड डेटा की वैल्यू एडजस्ट करने का विकल्प मिलना चाहिए। कई देशों में ये मॉडल सफल रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन व ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में एटीएंडटी और स्काई मोबाइल जैसी कंपनियां डेटा रोलओवर की सुविधा देती हैं, जहां बचा हुआ डेटा अगले महीने या डेटा बैंक में जमा हो जाता है।

## संसद से संसदीय क्षेत्र तक, 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए एकजुट हुए सांसद




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** एक नायाब और मजबूत पहल में 2030 तक भारत को बाल विवाह से मुक्त करने की रणनीति तय करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के कांस्टीट्यूशन क्लब में एमपी'ज फॉर चिल्ड्रेन के बैनर तले विभिन्न राजनीतिक दलों के 20 से ज्यादा सांसद एक साथ जुटे।

बाल विवाह और सोशल मीडिया से जुड़े खतरों को बच्चों के लिए बड़ी चुनौती करार देते हुए सांसदों ने इन मुद्दों को आगे लाने के लिए शून्य काल का इस्तेमाल, निजी विधेयक लाए जाएं और अपने संसदीय क्षेत्रों में इसे मजबूती से उठाया जाए। 'एमपी'ज फॉर चिल्ड्रेन' की शुरुआत 17 नवंबर 2024 को हुई थी और बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण पर चिंता जताते हुए 38 सांसदों ने इसका समर्थन किया। इसे 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का समर्थन प्राप्त है, जो बाल अधिकारों के संरक्षण का देश का नागरिक समाज संगठनों का सबसे बड़ा नेटवर्क है। इसके 250 से ज्यादा सहयोगी संगठन देश के 450 से अधिक जिलों में काम कर रहे हैं।

'डायलॉग विद पार्लियामेंटेरियंस ऑन अचीविंग चाइल्ड फुल पोटेंशियल' में बोलते हुए तेलुगु देशम पार्टी के नेता और 'एमपी'ज फ़र चिल्ड्रेन' के संयोजक लावू श्रीकृष्ण देवरायलु ने कहा, बाल विवाह किसी एक पार्टी या धर्म का मुद्दा नहीं है। इसे खत्म करने पर सभी दलों में आम सहमति है।

# हमें सावधान, सतर्क और तैयार रहना है, पश्चिम एशिया में संकट को लेकर राज्यसभा में बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि हालात भारत के लिए भी चिंताजनक हैं और व्यापार के रास्ते प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि हमें सावधान, सतर्क और तैयार रहना है। भारत के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां हैं।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल गैस और फर्टिलाइजर जैसे जरूरी सामानों की सप्लाई प्रभावित हुई। गल्फ में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनके जीवन और आजीविका भारत के लिए चिंता का विषय है। होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय क्रू मेंबर फंसे हैं, ये भी बारत के लिए चिंता का विषय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता है और गल्फ के सभी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। हमारा लक्ष्य डायलॉग और डिप्लोमेसी के माध्यम से क्षेत्र में शांति लाने का है।

पीएम मोदी ने कहा कि इस युद्ध ने पूरे विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत के लिए भी ये स्थिति चिंताजनक है। इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई प्रभावित हो रही है। ऐसी विकट परिस्थिति में आवश्यक है कि भारत की संसद के इस उच्च सदन से शांति और संवाद की एकजुट आवाज पूरे विश्व में जाए।

क्या है भारत सरकार का लक्ष्य- प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध की शुरुआत के बाद से मैंने पश्चिम एशिया के ज्यादातर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो राउंड फोन पर बात की है। हम गल्फ के सभी देशों के साथ लगातार बातें कर रहे हैं। हम ईरान, इजराइल और अमेरिका के साथ भी संपर्क में हैं। हमारा लक्ष्य, डायलॉग और डिप्लोमेसी के माध्यम से क्षेत्र में शांति की बहाली का है।

हॉर्मुज में जहाजों पर हमला अस्वीकार्य- उन्होंने कहा कि कमर्शियल जहाजों पर हमला और हॉर्मुज स्ट्रेट जैसे अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग में रुकावट अस्वीकार्य है। भारत ने नागरिकों पर, सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर पर, एनर्जी और ट्रांसपोर्ट से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों का विरोध किया है। भारत डिप्लोमेसी के जरिए युद्ध के इस माहौल में भी भारतीय जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए सतत प्रयास कर रहा है। भारत ने इस समस्या के समाधान के लिए संवाद का ही रास्ता सुझाया है।

हौसले और प्रयास दोनों की परीक्षा- पीएम मोदी ने कहा कि भारत उर्वरक, तेल और गैस जैसे जरूरी सामान ले जाने वाले सभी जहाजों की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, लंबे समय तक चलने वाले वैश्विक संघर्षों का अनिवार्य रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अपनी सहनशीलता को मजबूत करने के लिए, भारत ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और अब इन प्रयासों को और तेज कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का प्रयास है कि तेल हो, गैस हो, फर्टिलाइजर्स हो... ऐसे हर जरूरी सामान से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचे।

## पश्चिम एशिया में संकट के बीच राजनाथ सिंह ने की अहम बैठक, तीनों सेनाओं के प्रमुख भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को हाल की वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा घटनाओं के मद्देनजर और साथ ही भारत की रक्षा तैयारियों की समीक्षा करने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अध्यक्ष समीर कामत और अन्य लोग भी उपस्थित थे।

28 फरवरी के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ी टेंशन- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का चौथा हफ्ता शुरू हो गया है। वहीं होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाला व्यापारिक मार्ग भी बाधित है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त सैन्य हमलों में ईरान के 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद तनाव और बढ़ गया।

जवाबी कार्रवाई के तौर पर ईरान ने खाड़ी के कई देशों में इजरायल और अमेरिका की संपत्तियों को निशाना बनाया, जिससे जलमार्ग में और अधिक बाधाएं उत्पन्न हुई और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक स्थिरता भी प्रभावित हुई। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यसभा में चल रहे संघर्ष के विभिन्न पहलुओं और भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर बयान दे सकते हैं। एक दिन पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा को संबोधित करते हुए सदस्यों को पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों और भारत पर उनके संभावित प्रभाव के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने इस स्थिति को चिंताजनक बताया था।

# इंदौर में डा. हेडगेवार स्मारक समिति के स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने लिया समयदान का संकल्प



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** डा. हेडगेवार स्मारक समिति के स्थापना दिवस एवं नववर्ष के उपलक्ष्य में सुदर्शन भवन, पंत वैद्य कॉलोनी में वरिष्ठ स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण और शताब्दी वर्ष के निमित्त समय समर्पण भाव जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के विभिन्न सेवा प्रकल्पों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मालवा प्रांत के बौद्धिक प्रमुख सुनील बागुल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज वही अपनाता है जो वह देखता है और स्वयंसेवकों के आचरण से समाज को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि संघ की सेवा गतिविधियां समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम हैं और शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित पथ संचलन एवं हिंदू सम्मेलन इसकी जीवंत मिसाल हैं।

समिति के अध्यक्ष ईश्वर हिंदुजा और मंत्री राकेश कुमार यादव ने बताया कि वर्षप्रतिपदा और स्थापना दिवस के अवसर पर हर वर्ष वरिष्ठ स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण किया जाता है, जिसमें सेवा कार्यों में समयदान का संकल्प लिया जाता है। इस वर्ष भी सैकड़ों स्वयंसेवकों ने सेवा प्रकल्पों के लिए अपना समय समर्पित करने का संकल्प लिया।

उपाध्यक्ष रुपेश पाल ने समिति द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि हरसिद्धि में फिजियोथेरेपी केंद्र, रामबाग स्थित अर्चना कार्यालय में एक्युप्रेशर चिकित्सा केंद्र तथा पलासिया में 'संकल्प' के माध्यम से पीएससी परीक्षा की तैयारी करवाई जाती है। इसके अलावा स्वास्थ्य शिविर, योग शिविर और रक्तदान शिविर जैसी गतिविधियां वर्षभर संचालित होती हैं। आगामी समय में समिति द्वारा लाइब्रेरी, परिवार परामर्श केंद्र, करियर मार्गदर्शन केंद्र और योग केंद्र शुरू करने की योजना भी बनाई गई है।

कार्यक्रम के दौरान संत शिरोमणि रविदास जी के 650वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर समरस समाज के निर्माण का संकल्प भी दिलाया गया। हाल ही में समालखा में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में दिए गए सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संदेश का वाचन करते हुए स्वयंसेवकों को समाज की एकात्मता और समरसता के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पिछले वर्ष दिवंगत स्वयंसेवकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई और संचालन उमेश वर्मा ने किया।

# इंदौर में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। यह कार्य आगामी एक मई से 30 मई 2026 के बीच किया जाना प्रस्तावित है।

इसी क्रम में जिले के लिए नामित कुल 129 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण आज से शासकीय होलकर साइंस कॉलेज इंदौर में प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है, ताकि आगामी कार्य में दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

प्रशिक्षण के पहले चरण में नगर निगम चार्ज के 84 फील्ड ट्रेनरों को 24, 25 एवं 26 मार्च को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर आगे चलकर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

दूसरे चरण में 28, 29 एवं 30 मार्च को नगरीय एवं ग्रामीण चार्ज के 45 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स श्री आर.एन. पांडे, श्री अजय काले, श्री सुरेश कटारिया, श्री दिनेश राठी, श्री विजय वर्मा एवं श्री सूरज बडगे द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी सुश्री निशा डामर, जिला योजना अधिकारी श्री माधव बेंडे, सहायक जनगणना अधिकारी श्री पीयूष मेश्राम सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और प्रशिक्षण के सुचारू संचालन में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षित कर जनगणना कार्य को सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए।

# 'संकल्प से समाधान' शिविर - हजारों आवेदनों का निराकरण, हितग्राहियों को मिला त्वरित लाभ




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रारंभ हुए संकल्प से समाधान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज मंगलवार को प्रशासनिक संकुल महूगांव में खंड स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर आयोजित किया गया, जो जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनकर उभरा। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने काउंटर स्थापित कर बड़ी संख्या में पहुंचे हितग्राहियों के आवेदन दर्ज किए और मौके पर ही समस्याओं के निराकरण की पहल की।

शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि अभियान के तहत ग्राम स्तरीय शिविरों के माध्यम से प्राप्त कुल 13 हजार 997 आवेदनों में से 13 हजार 839 का सकारात्मक निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इससे प्रशासन की तत्परता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से सामने आई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान का उल्लेख करते हुए नागरिकों से जल संरक्षण, पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई और उनके संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। आज सम्पन्न हुए खंड स्तरीय शिविर में कुल 183 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 42 का तत्काल समाधान कर दिया गया, जबकि शेष 141 आवेदनों को संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के लिए भेजा गया है। इनके निराकरण की समय-सीमा तय की गई।

इस अवसर पर जनपद पंचायत एवं नगर परिषद महूगांव के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने शिविर को और अधिक प्रभावी बनाया। सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन जनहित में एक सफल पहल साबित हुआ।

# इंदौर में 'हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें' अभियान के तहत 3800 से अधिक हेलमेट वितरित, 24वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा 'हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें' अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 मार्च 2026 को पलासिया चौराहे पर 24वां वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों और यातायात पुलिस की सक्रिय भागीदारी रही।

इस अभियान के तहत अब तक 24 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 3800 से अधिक हेलमेट जरूरतमंद वाहन चालकों को वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान ऐसे दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट प्रदान किए गए, जिनके पास आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पहले चालान की कार्रवाई की गई और बाद में उन्हें सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हेलमेट भी दिए गए।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह और पुलिस उपायुक्त (यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान उन वाहन चालकों को भी सम्मानित किया गया, जो पहले से ही हेलमेट पहनकर जिम्मेदारी का परिचय दे रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने ऐसे चालकों की सराहना करते हुए उन्हें उपहार प्रदान किए और अन्य लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेने की अपील की।

पुलिस आयुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वयं और दूसरों की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने बताया कि शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करना और स्वेच्छा से उनका पालन करने के लिए प्रेरित करना है।

अभियान के दौरान वाहन चालकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं यातायात नियमों का पालन करेंगे, बल्कि अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# इंदौर जिले के महू क्षेत्र में अवैध क्लिनिक सील, संचालक पर एफआईआर दर्ज




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले के महू में जिला प्रशासन द्वारा अवैध चिकित्सकीय गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक क्लिनिक को सील किया गया है। साथ ही क्लिनिक संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

एसडीएम महू श्री राकेश परमार ने बताया कि प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई थी कि महू क्षेत्र के होली चौक, गुजरखेड़ा में डॉ. एम.एस. ख़ान द्वारा बिना वैध अनुमति एवं आवश्यक पंजीयन के क्लिनिक संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसडीएम, बीएमओ एवं थाना प्रभारी महू की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित व्यक्ति बिना किसी मान्यता प्राप्त डिग्री एवं रजिस्ट्रेशन के एलोपैथिक चिकित्सा कार्य कर रहा था। साथ ही वहां अवैध रूप से 6 बिस्तरों का एक छोटा अस्पताल भी संचालित किया जा रहा था।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि क्लिनिक में बिना अनुमति एलोपैथिक दवाइयों का संग्रह किया गया था, जो नियमों का उल्लंघन है। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया।

प्रशासन द्वारा संबंधित संचालक डॉ. एम.एस. ख़ान के विरुद्ध प्रासंगिक धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध चिकित्सा गतिविधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# इंदौर पुलिस कमिश्नर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित, अवैध हथियार पकड़ने वाली टीम भी शामिल



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में बेहतर पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के तहत 24 मार्च 2026 को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। विशेष रूप से द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में संदिग्ध की जांच के दौरान 6 देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद कर आरोपियों को पकड़ने वाली टीम के चार पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न थाना क्षेत्रों में चाकूबाजी के आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों को पकड़ने तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने वाले पुलिसकर्मियों को भी पुरस्कार दिया गया।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को भी इस अवसर पर सराहा गया, जिन्होंने प्रमुख चौराहों पर बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट, नो-एंट्री क्षेत्रों में भारी वाहनों की रोकथाम और नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराया।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि ऐसे सम्मान कार्यक्रमों का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करना है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर और प्रभावी पुलिस सेवाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इंदौर पुलिस आगे भी इसी तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करती रहेगी।

# जनसुनवाई संपन्नः कलेक्टर शिवम वर्मा ने संवेदनशीलता के साथ सुनीं जनसमस्याएँ, कई प्रकरणों का किया मौके पर त्वरित समाधान

**किसी को मिली इलाज के लिए सहायता, किसी को मिली जीवन में नई रफ्तार — हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जताया आभार**




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आमजन से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि अन्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने किसी को इलाज, तो किसी को मोट्रेट ट्राईसिकल के लिए मदद स्वीकृत की।

जनसुनवाई के दौरान मानवीय संवेदना से जुड़े कई प्रकरण सामने आए, जिनमें त्वरित राहत प्रदान की गई। एक मामले में श्रीमती आरती अपने पति के उपचार के लिए सहायता की अपेक्षा लेकर जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके पति के कई ऑपरेशन हो चुके है। लगातार इलाज चल रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर उन्हें तत्काल जरूरी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई और आगामी उपचार की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। परिजनों ने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग दंपत्ति अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंचे। परिवार की स्थिति और उनकी जरूरतों को देखते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने त्वरित निर्णय लेते हुए सहायता राशि स्वीकृत की तथा बुर्जुग दिव्यांग भीमसिंह को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल प्रदान करने के निर्देश दिए। इससे उन्हें आजीविका का साधन उपलब्ध हो सकेगा तथा भीमसिंह के जीवन में नई रफ्तार आएगी। उनकी पत्नी श्रीमती संतोष सिंह ने बताया कि इस सहायता से उनके परिवार को जीने की नई उम्मीद मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद किया।

एक अन्य प्रकरण में दुर्घटना में घायल हुए रामकिशोर ने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि एक दुर्घटना में कंधे की हड्डी टूट गई। इसके इलाज की जरूरत है। कलेक्टर श्री वर्मा ने उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और कहा कि उनका ऑपरेशन पूरी तरह ?निःशुल्क कराया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता एवं रोजगार से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सभी मामलों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की।

जनसुनवाई के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुंच सके।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज बुधवार को इंदौर में लगेंगे विशेष स्वास्थ्य शिविर



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश में संचालित ÷संकल्प से समाधान÷ अभियान का इंदौर जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 मार्च 2026 (बुधवार) को जिले के पांच प्रमुख अस्पतालों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में चिन्हित मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी सहित संबंधित अस्पतालों के संचालक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि शिविरों में ऐसी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार और सभी आवश्यक जांचें निशुल्क उपलब्ध कराई जाएं।

निर्देशानुसार 25 मार्च को प्रातः 10 बजे से चिन्हित मरीजों–विशेषकर हृदय रोग, कैंसर, उच्च रक्तचाप सहित अन्य गंभीर और अन्य असंक्रामक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए जांच एवं उपचार की व्यवस्था की जाएगी। यह विशेष स्वास्थ्य शिविर श्री अरविंदो हॉस्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (एमजीएम), बॉम्बे हॉस्पिटल, चोइथराम हॉस्पिटल एवं इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में आयोजित होंगे। शिविरों में संबंधित संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहकर मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक उपचार प्रदान करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित मरीजों को शिविर स्थल तक लाने एवं वापस पहुंचाने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। वहीं मरीजों की पहचान कर उन्हें शिविर तक एकत्रित करने की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा एमवाय अस्पताल के अधीक्षक को सौंपी गई है। इस अभियान के माध्यम से जिले में गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को समय पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित हो। उल्लेखनीय है कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत गाँव-गाँव और विकासखण्ड स्तर पर शिविर में आयोजित किए गए।

# सांवेर में शिक्षा का उजाला : 15 करोड़ रूपये की लागत से बनेंगे 3 अत्याधुनिक अनुसूचित जाति छात्रावास

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश में शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा सांवेर क्षेत्र में 15 करोड़ रुपये की लागत से 150 सीटर के 3 प्री-मैट्रिक छात्रावासों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ये छात्रावास बालक एवं बालिकाओं दोनों के लिए बनाए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित आवास भी उपलब्ध हो सकेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी देते हुए मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि प्रत्येक छात्रावास 50-50 सीट क्षमता का होगा, जिसमें विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण और अध्ययन के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराया जाएगा। इन छात्रावासों के निर्माण से उन विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा, जो दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं और संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई महसूस करते हैं।

# बढ़ते गैस दामों और किल्लत के खिलाफ युवा कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन, चूल्हे पर चाय बनाकर जताया विरोध

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्र सरकार की नीतियों और रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों के साथ-साथ सिलेंडर की किल्लत के विरोध में जिला युवा कांग्रेस, मंदसौर ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। मंगलवार, 24 मार्च की दोपहर को स्थानीय गांधी चौराहे पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस जनों ने वर्तमान स्थिति पर कटाक्ष करते हुए गैस सिलेंडरों को बीच सड़क पर रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण वह दृश्य रहा जब कार्यकर्ताओं ने सड़क पर ही लकड़ी का चूल्हा जलाया और उस पर चाय बनाकर भारत सरकार की नीतियों के खिलाफ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया।



प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और बढ़ती महंगाई को आम आदमी की कमर तोड़ने वाला बताया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दुर्गेश पटेल ने मोदी सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज मध्यम और गरीब वर्ग के लिए घर का चूल्हा जलाना दूभर हो गया है। सरकार एक ओर उज्ज्वला योजना का प्रचार करती है, वहीं दूसरी ओर गैस सिलेंडरों के दाम इतने बढ़ा दिए गए हैं कि अब सिलेंडर महज घर के कोने में सजावट की वस्तु बनकर रह गए हैं। पटेल ने आगे कहा कि सिलेंडरों की किल्लत ने आम जनता की परेशानी को दोगुना कर दिया है, जिससे साफ जाहिर होता है कि सरकार का वितरण तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस के दामों में कमी नहीं की गई और आपूर्ति सुचारू नहीं हुई, तो युवा कांग्रेस इस आंदोलन को उग्र रूप देते हुए गांव-गांव तक ले जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने आम जनता के साथ मिलकर सरकार से बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस लेने की मांग की। करीब एक घंटे तक चले इस प्रदर्शन ने राहगीरों का ध्यान भी अपनी ओर खींचा, जहाँ लकड़ी के चूल्हे पर चाय बनाना वर्तमान महंगाई के दौर में आम आदमी की मजबूरी का प्रतीक नजर आया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मनोहर नाहटा, अम्बालाल हिंगोरिया, युवा कांग्रेस के संभाग प्रभारी जावेद पटेल, जिला प्रभारी पायल जैन, सहप्रभारी मुस्तकिम कुरेशी, जीतू पाटीदार, प्रदेश महासचिव विनोद पटेल, एनएसयूआई पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बसेर, महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष राखी सत्रावाला, सुनीता बंडी, जिला महासजीचिव नेहा जैन, देवेन्द्र अटोलिया, मनीष मेहर, सुनील राठौर मंदसौर विधानसभा अध्यक्ष राकेश पाटीदार, मल्हारगढ़ विधानसभा अध्यक्ष बल्लू गुर्जर, सुवासरा विधानसभा अध्यक्ष हर्ष पाटीदार, गरोठ विधानसभा अध्यक्ष गोविंदसिंह पावटी, मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, दलौदा ब्लॉक अध्यक्ष महावीर भाटी, मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र धनगर, धुंधड़का ब्लॉक अध्यक्ष संदीप दास, मेलखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष जीतू बैरागी, शामगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र रावल, अक्षय सेठिया, आदर्श जोशी, याकुब मंसूरी, कुमकुम सिसौदिया, अनिल धनगर सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। संचालन नेहा जैन ने किया। आभार सम्यक जैन ने माना।

## आईपीएल सट्टा समाज के लिए अभिशाप, सट्टेबाजों पर नकेल कसे पुलिस प्रशासन-सरदार कुणाल श्रीवास्तव



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आईपीएल क्रिकेट जो जल्द ही शुरू होने वाला है, इस खेल के रोमांच के बीच मंदसौर जिले में अवैध सट्टेबाजी का काला कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है, जिसने अब सामाजिक त्रासदी का रूप ले लिया है। इस गंभीर मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए समाजसेवी सरदार कुणाल श्रीवास्तव ने प्रशासन से इस सट्टे पर कड़ा लगाम लगाने का आह्वान किया है। श्रीवास्तव ने कहा कि आईपीएल सट्टेबाजी केवल एक अवैध गतिविधि नहीं है, बल्कि यह वह दीमक है जो हमारे जिले के हंसते-खेलते परिवारों को उजाड़ रहा है। सट्टे की लत के कारण युवा कर्ज के दलदल में धंस रहे हैं और मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या जैसी हृदयविदारक घटनाएं सामने आ रही हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि जब कोई व्यक्ति सट्टे के लालच में अपनी जमा-पूंजी हार जाता है, तो उसका खामियाजा केवल उसे ही नहीं, बल्कि उसके वृद्ध माता-पिता, मासूम बच्चों और बहन-बेटियों को भी भुगतना पड़ता है। कई परिवार आर्थिक तबाही के कारण बिखर चुके हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जिले के हर कोने में सक्रिय सट्टा माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ रासुका जैसी कठोर कार्रवाई की जाएसरदार कुणाल श्रीवास्तव ने आमजन से भी अपील की है कि वे इस सामाजिक बुराई के खिलाफ मौन न रहें। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि यदि उनके आसपास कोई भी व्यक्ति सट्टेबाजी की गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने प्रशासन को सुझाव दिया कि दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ जिले में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाए, ताकि युवाओं को इस दलदल में गिरने से पहले ही बचाया जा सके। उनका मानना है कि समय रहते उठाए गए सख्त कदम ही भविष्य में होने वाली त्रासदियों को रोक सकते हैं और मंदसौर की सामाजिक शांति को बरकरार रख सकते हैं।

## शाला जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाए- श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की सभी शालाओं में दाखिलें के योग्य शतप्रतिशत बच्चों को एक अप्रेल से प्रारंभ हो रहे शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से ही शाला में प्रवेश दिलाना सुनिश्चित करें। एक अप्रेल को सभी शालाओं में पालक शिक्षक बैठक आयोजित कर पालकों को लक्षित बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित कर उनसे सहमति पत्र प्राप्त कर टीकाकरण करवाएं। आंगनवाडी केंद्रों में भी सभी लक्षित बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करवाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला नोडल अधिकारियों को क्षेत्र की पंचायतों में एच.पी.वी. टीकाकरण कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने तथा शतप्रतिशत बच्चों को शाला व आंगनवाडी में प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए, कि वे 100 दिवस निक्षय अभियान का पहले दिन से ही सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और अभियान की सतत मॉनीटरिंग कर प्रति सप्ताह प्रगति रिर्पोट प्रस्तुत करें। उन्होने पंचायतों के नोडल अधिकारियों को उनके क्षेत्र में एच.आर.पी.डब्लू. क्लिनिक का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे राजस्व प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# श्री वीर हनुमानजी यात्रा के प्रचार में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स निभाएंगे अहम भूमिका, व्यापक रणनीति तय

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री तलाई वाले बालाजी की 01 अप्रैल 2026 को निकलने वाली श्री वीर हनुमानजी यात्रा के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस संबंध में गत दिवस को आयोजन समिति एवं सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्रा को अधिक भव्य और जनभागीदारीपूर्ण बनाने हेतु विस्तृत रणनीति तैयार की गई।



बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से जुड़े सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स अपने-अपने प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से प्रतिदिन यात्रा का प्रचार-प्रसार करेंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस आयोजन से जुड़ सकें। युवाओं ने सुझाव दिया कि बालाजी के विभिन्न स्वरूपों, मंदिर की महिमा तथा यात्रा से जुड़ी जानकारी को नियमित रूप से साझा किया जाए, जिससे आमजन तक प्रभावी संदेश पहुंचे। इसके साथ ही यात्रा के हाई लाइट दिखाएंगे। आयोजन समिति के बृजेश जोशी ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। यदि युवा सक्रियता के साथ इस अभियान से जुड़ते हैं, तो यात्रा का संदेश प्रत्येक घर तक पहुंचाया जा सकता है और अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सकती है। समिति सदस्य गौरव अग्रवाल ने बताया कि मंदसौर के इतिहास में पहली बार इतनी विशाल एवं भव्य श्री वीर हनुमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा में बालाजी भगवान विग्रह स्वरूप में रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे और श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। उन्होंने सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन के प्रचार में पूरी ऊर्जा के साथ योगदान दें। बैठक में उपस्थित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स ने भी आश्वस्त किया कि वे यात्रा के प्रचार-प्रसार में पूरी सक्रियता से कार्य करेंगे। इसके अंतर्गत प्रतिदिन यात्रा से संबंधित जानकारी, मंदिर के उल्लेख तथा रील्स एवं अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के के साथ बैठक का समापन हुआ। बैठक का संचालन लोकेश पालीवाल ने किया। आभार नरेंद्र त्रिवेदी ने माना।

महिलाएं कर रही हैं घर-घर निमंत्रण पत्र पीले चावल भेंट- श्री हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व निकलने वाली श्री वीर हनुमान यात्रा के निमंत्रण पत्र और पीले चावल मातृशक्ति महिला मंडल दल द्वारा विभिन्न बस्तियों में भ्रमण करते हुए घर-घर भेंट किए जा रहे हैं और यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित सम्मिलित होने का निवेदन किया जा रहा है।

## वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र अग्रवाल की बिटिया क्रिशा ने कक्षा सातवीं में पाया प्रथम स्थान



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंदसौर की कक्षा सातवीं की छात्रा क्रिशा नरेंद्र अग्रवाल ने आज आए परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का गौरव बढ़ाया। क्रिशा वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र अग्रवाल की बिटिया है, जो कक्षा सातवीं में 86त्न अंक प्राप्त कर प्रथम रही। क्रिशा की इस सफलता पर दादी श्रीमती लीलादेवी अग्रवाल ने बिटिया को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भसीविष्य की कामना की। अपनी सफ़लता पर क्रिशा का कहना है कि परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं को कभी भी टेंशन नहीं लेना चाहिए, जो अंक प्राप्त हुए हैं वह पर्याप्त है। आने वाले वर्षों में और अच्छी मेहनत कर अधिक प्राप्त किये जा सकते हैं लेकिन जो प्राप्त हुए हैं उसकी खुशी जरूर मनाना चाहिए। क्रिशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी दादी, मम्मी पापा एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया।

# 22 वर्षो से सतत नवाह पारायण पाठ ,चेती नवरात्रि पर धर्म और ज्ञान की बह रही अविरल गंगा

**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में पिछले 22 वर्षो से निरंतर बजरंग व्यायाम शाला परिसर पर नवाह पारायण पाठ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। इस वर्ष भी भक्तजनों की सहभागिता के साथ यह आयोजन पूरे उत्साह, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हो रहा है।



बजरंग व्यायाम शाला संचालक ओंकार लाल शर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष चैत्र नवरात्रि पर इस पाठ में महिलाये ,पुरुष ओर बच्चे बड़े उत्साह के साथ रामायण का पाठ करते हे व्यास पीठ पर मुकेश माहेश्वरी द्वारा भजनों की प्रस्तुति पर भक्तों द्वारा भावविभोर नृत्य किया जा रहा हे एवं सभी को साथ लेकर संगीतमय पाठ किया जा रहा हे प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होती हे जो 11 बजे तक चलता रहता हे एवं भजन-कीर्तन होने से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं और अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं।

आयोजन समिति के अनुसार, यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करती है, बल्कि समाज में संस्कार, एकता और सद्भाव का संदेश भी प्रसारित करती है। 22 वर्षो से निरंतर चल रहा यह आयोजन क्षेत्र में धर्म और ज्ञान की गंगा प्रवाहित कर रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है।समापन दिवस पर विशेष पूजन, हवन एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## ओलावृष्टि में उजड़ी फसल, डेढ़ माह बाद भी राहत नहीं – किसानों का फूटा गुस्सा, सर्वे हुआ, नुकसान तय, फिर भी खाली हाथ किसान – अब आंदोलन की चेतावनी

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की जीरन तहसील के भंवरासा और पालसोड़ा गांव के किसान ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिलने से आक्रोशित हैं। किसानों ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर शीघ्र राहत राशि जारी करने की मांग की है।



किसानों के अनुसार 1 फरवरी 2026 को हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी खेतों में खड़ी फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया। पटवारी हल्का नंबर 18 और 19 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में गेहूं सहित अन्य फसलें बुरी तरह प्रभावित हुईं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।

घटना के बाद प्रशासन द्वारा मौके का निरीक्षण और फसल नुकसान का सर्वे भी किया गया, लेकिन डेढ़ माह बीतने के बाद भी मुआवजा राशि किसानों के खातों में नहीं पहुंची है। इससे किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। फसल चौपट होने से कई किसानों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। परिवार का खर्च चलाना और अगली फसल की तैयारी करना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में समय पर राहत नहीं मिलने से उनकी परेशानियां और गहराती जा रही हैं।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे दोबारा खेती के लिए तैयार हो सकें।

साथ ही किसानों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मुआवजा नहीं मिला, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा के बाद भी समय पर सहायता नहीं मिलना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## जिले की 205 ग्राम पंचायत टीबी से मुक्त, सरपंच-सचिव एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता सम्मानित

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर मंदसौर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की 205 ग्राम पंचायतों को क्षय रोग (टीबी) से मुक्त घोषित करते हुए सरपंच, सचिवों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अदिती गर्ग, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मेडिकल कॉलेज डीन, सीएमएचओ जीएस चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर, जिपं सीईओ ने सुनी 81 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 81 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के मकान के लिए पट्टा स्वीकृत करने, कृषि भूमि का सिमांकन करवाने, पीएम किसान सम्मान निधी दिलवाने, वृद्धा पेंशन चालु करवाने, एल पी जी गेस की सब्सिडी दिलवाने, आर्थिक सहायता राशि दिलवाने एवं लाडली बहना योजना का लाभ दिलवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

## नीमच जिले के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक है- कलेक्टर

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बताया किनीमच जिले में सभी पेट्रोल डीजल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता है । कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पैट्रोलियम हिंदुस्तान पैट्रोलियम आदि तेल कंपनियों के अधिकारियों सेहुई चर्चा के अनुसार जिले में पेट्रोल डीजल की निरंतर आपूर्ति हो रही है।

# सिंगोली पुलिस को मिली सफलता एक मारूती सुजूकी अरटिगा सिल्वर रंग की कार से 160 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी जप्त कर, दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिला पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी रोहित राठोर जावद के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करते हुये सिंगोली थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम सिंगोली द्वारा आरोपियो जुनैद अख्तर व दानीश उर्फ शानू के कब्जे से मारूती सुजूकी अरटिंगा सिल्वर रंग की कार RJ17UA/6450 से 160 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी जप्त कर आरोपियो 1. जुनैद अख्तर पिता जाकीर हुसैन जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी कोटरी फकीरो की मस्जिद के पीछे छावनी कोटा राजस्थान 2. दानीश उर्फ शानू पिता निजामुद्दीन जाति मुसलमान उम्र 33 साल निवासी कोटरी फकीरो की मस्जिद के पीछे छावनी कोटा राजस्थान को किया गिरफ्तार।




दिनांक 23.03.2026 को अवैध मादक पदार्थ की धरपकड व नाकाबंदी हेतु लगाई गई पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग करते ग्राम सिंगोली कारया आमरोड़ ग्राम फुसरिया करीब 6.30 बजे एक मारूती सुजूकी अरटिगा सिल्वर रंग की कार आती दिखी जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे जो कार चालक पुलिस की चैकिंग देखकर अपनी सिल्वर रंग अरटिगा कार को पलटाकर भगाने का प्रयास करने लगे उक्त वाहन को शंका होने पर शासकीय वाहन व फोर्स, पंचान की मदद से मारूती सुजूकी अरटिगा कार को घेराबंदी कर आरोपियो जुनैद अख्तर व दानीश उर्फ शानू के कब्जे से एक मारूती सुजूकी अरटिगा सिल्वर रंग की कार क्रमांक ऋछ्व17/6450 से 160 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी जप्त कर आरोपियो 1. जुनैद अख्तर पिता जाकीर हुसैन जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी कोटरी फकीरो की मस्जिद के पीछे छावनी कोटा राजस्थान 2. दानीश उर्फ शानू पिता निजामुद्दीन जाति मुसलमान उम्र 33 साल निवासी कोटरी फकीरो की मस्जिद के पीछे छावनी कोटा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ एम.डी के स्त्रोतो के संबंध मे पुछताछ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

जप्त संपत्ती- 01. 160 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी. कीमती 16,00000 रूपये

02. एक मारूती सुजूकी अरटिगा सिल्वर रंग की कार क्र- ऋछ्व17/6450 कीमती 800000 रूपये

03. एक फिरोजी रंग का मोटोरोला कंपनी का एन्ड्राईड मोबाईल फोन किमती 15,000 रूपये, एक सिल्वर रंग का ओप्पो कंपनी का एन्ड्राईड मोबाईल किमती 15,000 रूपये कुल कीमती 2430000 रुपये

सराहनीय कार्य उक्त कार्य मे थाना प्रभारी श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## नीमच केंट टीआई नीलेश अवस्थी की अनोखी विदाई, घोड़े पर सवार होकर मनासा रवाना



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच केंट थाने के टीआई नीलेश अवस्थी का हाल ही में नीमच केंट से मनासा थाना में तबादला हो गया है। इस तबादले के बाद आज अवस्थी ने केंट थाने से अनोखी विदाई ली। वे घोड़े पर सवार होकर फूलों की माला पहने मनासा के लिए रवाना हुए।

यह विदाई चर्चा का विषय बनी हुई है, क्योंकि आमतौर पर पुलिस अधिकारियों का तबादला होने पर वे साधारण तरीके से ही विदा होते हैं। अवस्थी का इस तरह घोड़े पर सवार होकर विदा होना लोगों को आश्चर्यचकित कर रहा है।

कुछ लोगों का मानना है कि अवस्थी ने यह विदाई इसलिए चुनी ताकि वे यादगार बन सकें। वहीं कुछ लोग इसे दिखावा मान रहे हैं। लेकिन वजह जो भी हो, अवस्थी की यह विदाई निश्चित रूप से नीमच में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान, जल शक्ति से नव भक्ति गतिविधियॉ आयोजित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं सी.एम.सी.एल.डी.पी.विद्यार्थी व मेन्टर्स तथा नवांकुर सखियों के साथ ही स्थानीय जनसहभागिता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण संबंधित गतिविधियों का क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया हैं। सुरक्षित जल समृद्ध कल, कार्य योजनानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान तीन चरणों में संपादित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण जल शक्ति से नव भक्ति 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# मर्यादा, सुशासन और शांति के विश्वनायक श्रीराम

रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पुण्य और पवित्र अवसर है। आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक, असहिष्णुता, पारिवारिक विघटन, राजनीतिक अविश्वास और नैतिक पतन जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन-दर्शन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव समाज और विश्व-राजनीति के लिये मार्गदर्शन का स्रोत बन सकता है। श्रीराम का जीवन केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं है, बल्कि वह शासन, समाज, परिवार, युद्ध, कूटनीति, न्याय और मानव संबंधों का एक संपूर्ण दर्शन है, जिसे आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ की आवश्यकता है। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं विशेषताओं से ओतप्रोत है, प्रेरणादायी है। उन्हें अपने जीवन की खुशियों से बढ़कर लोक जीवन की चिंता थी, तभी उन्होंने अनेक तरह के त्याग के उदाहरण प्रस्तुत किये। राजा के इन्हीं आदर्शों के कारण ही भारत में रामराज्य की आज तक कल्पना की जाती रही है। श्रीराम के बिना भारतीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। अब श्रीराम मन्दिर के रूप में एक शक्ति एवं सिद्धि स्थल बन गया है, जो रामराज्य के सुदीर्घ काल के सपने को आकार देने का सशक्त एवं सकारात्मक वातावरण भी बनेगा। श्रीराम मंदिर जीवनमूल्यों की महक एवं प्रयोगशाला के रूप में उभरेगा। क्योंकि श्रीराम का चरित्र ही ऐसा है जिससे न केवल भारत बल्कि दुनिया में शांति, अहिंसा, अयुद्ध, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं अमन का साम्राज्य स्थापित होगा। ईरान-इजरायल एवं यूक्रे-रूस के बीच चल रहा युद्ध एवं इस परिप्रेक्ष्य में विश्वयुद्ध की संभावनाओं को देखते हुए श्रीराम के जीवन आदर्शों को विश्व व्यापी बनाने की अपेक्षा है, ताकि दुनिया शांति एवं चैन से जी सके।

श्रीराम का जीवन हमें सबसे पहले मर्यादा का संदेश देता है। आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्या मर्यादा का संकट है-राजनीति में मर्यादा नहीं, समाज में मर्यादा नहीं, परिवार में मर्यादा नहीं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी मर्यादा नहीं। श्रीराम का जीवन बताता है कि शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण मर्यादा होती है। उन्होंने सामर्थ्य होते हुए भी राज्य के लिये संघर्ष नहीं किया, बल्कि पिता की आज्ञा और समाज की मर्यादा को सर्वोच्च माना। आज यदि विश्व राजनीति में मर्यादा और नैतिकता का समावेश हो जाये, तो अनेक युद्ध स्वतः समाप्त हो सकते हैं। राष्ट्र यदि केवल शक्ति और विस्तारवाद की नीति छोड़कर मर्यादा और न्याय की नीति अपनाएं, तो विश्व शांति संभव हो सकती है। आज दुनिया के अनेक युद्ध चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो, मध्य-पूर्व के संघर्ष हों या अन्य क्षेत्रीय युद्ध-इन सबके मूल में अहंकार, विस्तारवाद, संसाधनों पर अधिकार और वैचारिक वर्चस्व की लड़ाई है। श्रीराम का युद्ध दर्शन इससे बिल्कुल भिन्न था। उन्होंने कभी युद्ध को लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि युद्ध उनके लिये अंतिम विकल्प था। उन्होंने पहले संवाद किया, फिर दूत भेजा, फिर समझौते का प्रयास किया और अंत में जब सभी रास्ते बंद हो गये तब युद्ध किया। यह युद्ध नीति आज के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिये एक आदर्श मॉडल हो सकती है-पहले संवाद, फिर कूटनीति, फिर प्रतिबंध और अंत में युद्ध। आधुनिक विश्व यदि इस क्रम को स्वीकार कर ले, तो युद्धों की संख्या कम हो सकती है।

श्रीराम का जीवन सुशासन का भी आदर्श प्रस्तुत करता है, जिसे आज रामराज्य के रूप में जाना जाता है। रामराज्य का अर्थ केवल धार्मिक राज्य नहीं, बल्कि न्याय, समानता, सुरक्षा, समृद्धि और नैतिक शासन व्यवस्था है। रामराज्य में राजा और प्रजा के बीच दूरी नहीं थी, शासन उत्तरदायी था, न्याय त्वरित था, समाज में भय नहीं था और आर्थिक असमानता अत्यधिक नहीं थी। आज लोकतंत्र होने के बावजूद जनता और शासन के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, राजनीति सेवा से अधिक सत्ता का माध्यम बनती जा रही है। श्रीराम का शासन हमें बताता है कि शासन का उद्देश्य सत्ता नहीं, सेवा होना चाहिए। आधुनिक लोकतंत्र यदि रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा ले, तो लोकतंत्र अधिक मानवीय और उत्तरदायी बन सकता है। श्रीराम का जीवन पारिवारिक मूल्यों का भी अद्भुत उदाहरण है। आज दुनिया में परिवार टूट रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद समाप्त हो रहा है, रिश्ते स्वार्थ पर आधारित होते जा रहे हैं। श्रीराम ने पुत्र के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, भाई के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, पति के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया और मित्र के रूप में भी आदर्श प्रस्तुत किया। भरत और राम का संबंध त्याग और प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। आज यदि परिवारों में अधिकार की जगह कर्तव्य और स्वार्थ की जगह त्याग की भावना आ जाये, तो समाज की आधी समस्याएं समाप्त हो सकती हैं। श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता, यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इनका परिवार, आदर्श भारतीय परिवार का प्रतिनिधित्व करता है। श्रीराम रघुकुल में जन्मे थे, जिसकी परम्परा प्रान जाहुं बरु बचनु न जाई की थी। श्रीराम हमारी अनंत मर्यादाओं के प्रतीक पुरुष हैं इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से पुकारा जाता है। हमारी संस्कृति में ऐसा कोई दूसरा चरित्र नहीं है जो श्रीराम के समान मर्यादित, धीर-वीर, न्यायप्रिय और प्रशांत हो। वाल्मीकि के श्रीराम लौकिक जीवन की मर्यादाओं का निर्वाह करने वाले वीर पुरुष हैं। उन्होंने लंका के अत्याचारी राजा रावण का वध किया और लोक धर्म की पुनःस्थापना की। लेकिन वे नील गगन में दैदीप्यमान सूर्य के समान दाहक शक्ति से संपन्न, महासमुद्र की तरह गंभीर तथा पृथ्वी की तरह क्षमाशील भी हैं। वे दुराचारियों, यज्ञ विध्वंसक राक्षसों, अत्याचारियों का नाश कर लौकिक मर्यादाओं की स्थापना करके आदर्श समाज की संरचना के लिए ही जन्म लेते हैं। आज ऐसे ही स्वस्थ समाज निर्माण की जरूरत है। सामाजिक दृष्टि से भी श्रीराम का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## देवी के अष्टम स्वरूप मां महागौरी ( कुंडलिनी शक्ति) के प्राकट्य से अज्ञान रूपी अंधकार का नाश होता है



अपना भारत देश शक्ति का पुजारी है । नवरात्रि में शक्ति के विविध रूपों का पूजन-अर्चन एवं ध्यान किया जाता है। भगवती दुर्गा माँ के आठवें स्वरूप का नाम महागौरी है। देवी की यह शक्ति अमोघ है व इनकी आराधना उत्तम फल प्रदान करती है। इनकी उपासना से साधक के समस्त दोष नष्ट हो जाते हैं। सहजयोग संस्थापिका प. पू श्री माताजी निर्मला देवी जी ने व्याख्या की है कि, नवरात्रि के आठवें दिन हम महागौरी का ध्यान करते हैं जिन्हें आदिकुंडलिनी भी कहा गया है। श्री महागौरी स्वरुपिणी देवी ने आपको आत्मसाक्षात्कार दिया है क्योंकि वे आपमें अपना प्रतिबिंब देखना चाहती हैं। कुंडलिनी शक्ति देवी भगवती की इच्छाशक्ति है। कुंडलिनी मात्र कल्पना न होकर मानव के अन्तःस्थित जीवंत शक्ति है। यह शक्ति सभी मनुष्यों में है और सहजयोग द्वारा सामान्य मनुष्य में स्वतः ही इसकी जागृति घटित हो जाती है। कुंडलिनी धर्म परायण है और यह माँ साक्षी भाव में हैं। फिर भी यह जानती हैं कि व्यक्ति के अंदर क्या अच्छाई है और क्या बुराई। कुंडलिनी की कृपा से शरीर व मन के रोग दूर हो जाते हैं। आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति के शरीर से प्रसारित होने वाली चैतन्य लहरियां, उसके शरीर, मन एवं अहंकार रूपी आवरणों को स्वच्छ कर देती हैं। मानव में स्थित महागौरी स्वरुपिणी कुंडलिनी शक्ति विशुद्ध प्रकाश पुंज के रूप में सहस्त्रार को प्रकाशित करती है। मां महागौरी को बल मेधा शक्ति से प्राप्त होता है, जिसकी वृद्धि व संतुलन ध्यान द्वारा संभव है। नियमित ध्यान के अभ्यास से मेधा शक्ति बलवती होकर ज्ञान, ज्ञाता व ज्ञेय को समग्र कर देती है और साधक को पूर्ण व शाश्वत सत्य का साक्षात् प्राप्त होता है। जिस प्रकार सूर्योदय के साथ ही अंधकार का नाश हो जाता है, उसी प्रकार मानव में महागौरी के प्राकट्य से समस्त अज्ञान, विकार और अंधकार ओझल हो जाता है और समस्त चक्रों व नाड़ियों की शक्ति का प्रवाह सहस्त्रार केंद्र में होने लगता है। इसके साथ ही मानव का महामानव और परमहंस के रूप में पुनर्जन्म हो जाता है।

# तैयारी ही विजय हैः वैश्विक संकट में भारत का नेतृत्व मंत्र

जब वैश्विक क्षितिज पर युद्ध और अनिश्चितता के काले बादल मंडराने लगते हैं, तब किसी राष्ट्र की असली पहचान उसके साहस, तैयारी और दूरदर्शी नेतृत्व से होती है। लोकसभा में प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर दिया गया संदेश इसी शक्ति और संकल्प का जीवंत उदाहरण है। उनका संबोधन केवल एक सामान्य चेतावनी नहीं था, बल्कि पूरे राष्ट्र को सतर्क, संगठित और सशक्त बनाने वाला दृढ़ आह्वान था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में संकेत दिया कि यह संघर्ष सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके प्रभाव पूरी दुनिया को प्रभावित करेंगे। ऐसे निर्णायक समय में भारत को कोविड काल जैसी अनुशासित एकजुटता, सजगता और मजबूत तैयारी के साथ आगे बढ़ना होगा, ताकि हर चुनौती को अवसर में बदला जा सके और राष्ट्र की प्रगति अविरल बनी रहे।

पश्चिम एशिया का यह संघर्ष महज़ राजनीतिक टकराव नहीं, बल्कि एक गहराते वैश्विक आर्थिक और ऊर्जा संकट की चेतावनी भी है। भारत जैसे तेजी से उभरते राष्ट्र के लिए यह स्थिति अत्यंत निर्णायक बन जाती है, क्योंकि ऊर्जा ही विकास की धुरी है। ऐसे संवेदनशील समय में प्रधानमंत्री ने जिस आत्मविश्वास के साथ देश को आश्वस्त किया, वह सरकार की दूरदर्शिता और ठोस रणनीति का प्रमाण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीते वर्षों में उठाए गए मजबूत और समयोचित कदम आज भारत को इस वैश्विक संकट के प्रभाव से सुरक्षित रखने में सक्षम हैं। ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर और सुरक्षित बनाए रखने के लिए अपनाई गई नीतियां अब अपनी प्रभावशीलता सिद्ध कर रही हैं, जो यह दर्शाती हैं कि सही समय पर लिए गए निर्णय भविष्य की बड़ी चुनौतियों को काफी हद तक नियंत्रित कर सकते हैं।

ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति आज उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। आयात के स्रोतों का विस्तार कर उन्हें अनेक देशों तक फैलाना एक ऐसी रणनीति रही है, जिसने देश को किसी एक क्षेत्र पर निर्भर रहने से मुक्त कर दिया है। वैश्विक अस्थिरता के इस दौर में यह नीति भारत के लिए सुरक्षा कवच सिद्ध हो रही है। इसके साथ ही, देश की रिफाइनरियां पूरी क्षमता से संचालित हो रही हैं और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। सामरिक पेट्रोलियम भंडार का निर्माण इस दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है, जिसने आपातकालीन परिस्थितियों में भारत को आत्मनिर्भर और मजबूत बनने की नई शक्ति प्रदान की है।

घरेलू स्तर पर एलपीजी और अन्य आवश्यक ईंधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव के बावजूद आम नागरिकों को राहत पहुंचाना एक बड़ी उपलब्धि है, जो सरकार की जनहितकारी सोच को दर्शाता है। कोविड काल के कठिन समय में जिस प्रकार आवश्यक वस्तुओं को नियंत्रित कीमतों पर उपलब्ध कराया गया था, उसी संवेदनशील और जिम्मेदार नीति को आज भी प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। किसानों और आम परिवारों को आर्थिक दबाव से बचाना केवल एक नीति नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह स्पष्ट करता है कि देश के विकास के साथ-साथ जनकल्याण को भी समान और सर्वोच्च महत्व दिया जा रहा है।

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां आज केवल प्रगति की कहानी नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी हैं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव ईंधन के तीव्र विस्तार ने देश को पारंपरिक ईंधनों की निर्भरता से बड़ी हद तक मुक्त कर दिया है। इथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने की नीति ने एक ओर जहां विदेशी मुद्रा की भारी बचत सुनिश्चित की है, वहीं दूसरी ओर किसानों को आय के नए और स्थायी स्रोत प्रदान किए हैं। इसके साथ ही, रेलवे के तीव्र विद्युतीकरण और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन ने ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों को नई गति दी है। ये सभी दूरदर्शी प्रयास आज के वैश्विक संकट के बीच भारत को मजबूती, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जिस स्पष्टता और दृढ़ता के साथ देश को सचेत किया, वह नेतृत्व की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने रेखांकित किया कि किसी भी संकट में सबसे बड़ा खतरा बाहरी नहीं, बल्कि भीतर की घबराहट और अफवाहें होती हैं। ऐसे समय में संयम, जागरूकता और जिम्मेदारी ही सबसे बड़ी ताकत बनती है। अपील की कि वे सतर्क रहें, परंतु विचलित न हों। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद हैं और विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, कूटनीतिक स्तर पर भारत शांति, संतुलन और स्थिरता की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जो उसकी वैश्विक जिम्मेदारी और बढ़ते प्रभाव का सशक्त प्रमाण है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को केवल एक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में स्थापित किया है। रणनीतिक भंडारण, ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण और नवीकरणीय विकल्पों पर निरंतर जोर ने देश को एक मजबूत और स्थायी आधार प्रदान किया है। आज जब विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है, तब भारत की स्थिरता, आत्मविश्वास और मजबूती उसकी दूरदर्शी नीतियों की सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। यह इस बात का प्रमाण है कि सुनियोजित रणनीति और दृढ़ संकल्प किसी भी बड़े संकट का सामना करने में सबसे प्रभावी हथियार होते हैं।

भविष्य की चुनौतियों को भांपते हुए भारत जिस तीव्र गति से नई ऊर्जा तकनीकों और संसाधनों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह उसकी दूरदर्शिता और संकल्प का प्रमाण है। ग्रीन हाइड्रोजन, उन्नत परमाणु ऊर्जा और उच्च इथेनॉल मिश्रण जैसी महत्वाकांक्षी पहलें देश को न केवल आत्मनिर्भर बना रही हैं, बल्कि उसे ऊर्जा स्वतंत्रता की ओर निर्णायक रूप से अग्रसर कर रही हैं। प्रधानमंत्री का यह आह्वान कि कोविड काल जैसी एकजुटता आज भी उतनी ही आवश्यक है, केवल वर्तमान संकट तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य की हर चुनौती के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शन है। यह सत्य और भी सशक्त होकर सामने आता है कि जब पूरा राष्ट्र एकजुट होकर आगे बढ़ता है और नेतृत्व दृढ़ एवं दूरदर्शी होता है, तब कोई भी संकट भारत की प्रगति की गति को थाम नहीं सकता।

-प्रो. आरके जैन

## युद्ध की तपिश से बचने की चुनौती

पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में आम लोगों की महत्वपूर्ण जरूरतों मसलन पेट्रोल-डीजल, गैस, बिजली, उर्वरक आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के संभावित उपायों पर विचार किया गया। चूंकि पश्चिम एशिया में युद्ध से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है, ऐसे में सरकार की ओर से देश भर में निर्बाध आपूर्ति, स्थिर लाजिस्टिक्स और कुशल वितरण सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना स्वाभाविक है। मोदी सरकार को आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राज्यों से उपयुक्त समन्वय करना होगा। इसके साथ ही भारतीय वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए प्रयासों के साथ नए निर्यात गंतव्य विकसित करने होंगे।

पश्चिम एशिया में लंबे खिंचते युद्ध से दुनिया के साथ-साथ भारत की आर्थिक चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। हाल में गोल्डमैन सैक्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को 7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत किया गया है। आइसीआइसीआइ बैंक ने भारत के विकास दर अनुमान को 7.5 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक कच्चे तेल के वैश्विक दाम बढ़ने और आपूर्ति बाधित होने के कारण भारत के ऊर्जा आयात बिल में जबरदस्त उछाल की आशंका है। साथ ही निर्यात में कमी और महंगाई में तेजी संबंधी चुनौतियों के कारण भी भारतीय अर्थव्यवस्था की संतुलित स्थिति के सामने खतरा दिखाई दे रहा है।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच विस्तारित होते हुए युद्ध से देश के कई हिस्सों में रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति में बाधा से परेशानियां बढ़ती दिख रही हैं। निर्यातकों की भी मुश्किलें बढ़ी हैं। सेंसेक्स में गिरावट और डालर की तुलना में रुपये के मूल्य में कमी का परिदृश्य भी सामने है। निवेशक भारतीय बाजार से अपना धन निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ने लगा है। निवेशकों की संपत्ति में गिरावट आई है और भारतीय कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) तेजी से घटा है। इससे पहले ऐसी गिरावट कोविड के दौरान मार्च 2020 में देखी गई थी, पर युद्ध के ऐसे असर के बीच भी भारत की कुछ ऐसी प्रभावी आर्थिक अनुकूलताएं हैं, जो देश की विकास दर को भारी आघात से बचाने वाली हैं। सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है और महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर उसके प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टाक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। वह निर्यातकों को राहत देने के लिए रेजिलिएंस एंड लाजिस्टिक इंटरवेंशन फार एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन (रिलीफ) योजना लेकर आई है।

-धनंजय राजौरा

# नौकरी की दौड़ में खोती पढ़ाई

आज का युवा एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां अवसरों की कोई कमी नहीं है, लेकिन उन अवसरों तक पहुंचने का रास्ता पहले से कहीं अधिक जटिल और प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है। विशेष रूप से सरकारी नौकरियों के क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की बढ़ती संख्या, उनकी लंबी प्रक्रियाएं और अनिश्चित परिणामों ने छात्रों और अभिभावकों दोनों को गहरी दुविधा में डाल दिया है। सीईटी (सामान्य पात्रता परीक्षा) को इसी संदर्भ में एक बड़ी उम्मीद के रूप में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन बीते वर्षों के अनुभव इस उम्मीद पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं।

हरियाणा में 2019 से 2024 के बीच पांच वर्षों की अवधि में इस परीक्षा की प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी। स्थिति यह रही कि इस दौरान केवल एक ही परीक्षा पूरी तरह संपन्न हो पाई, और उससे जुड़ी कुछ भर्तियां आज भी न्यायिक प्रक्रिया में उलझी हुई हैं। 2024-25 के चक्र में भी अभी तक केवल प्रारंभिक परीक्षा ही आयोजित हो सकी है। जिस धीमी गति से पूरी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह आशंका निराधार नहीं है कि अंतिम परिणाम आने में अभी लंबा समय लग सकता है। लेकिन यह समस्या केवल हरियाणा तक सीमित नहीं है। देश के लगभग सभी राज्यों में सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं की स्थिति कमोबेश ऐसी ही है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक और यहां तक कि पूर्वोत्तर राज्यों में भी भर्ती परीक्षाओं में देरी, पेपर लीक, न्यायिक विवाद और परिणामों में विलंब जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। कई राज्यों में परीक्षाएं वर्षों तक आयोजित ही नहीं होतीं, और जब होती हैं तो उनकी प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि उम्मीदवारों की उम्र और धैर्य दोनों की परीक्षा लेने लगती है।

इसका सबसे बड़ा असर युवाओं के मानसिक, शैक्षणिक और सामाजिक जीवन पर पड़ता है। हर वर्ष लाखों छात्र स्नातक होकर रोजगार की तलाश में निकलते हैं, लेकिन उपलब्ध सरकारी पदों की संख्या बेहद सीमित रहती है। उदाहरण के तौर पर, यदि पूरे देश में लाखों अभ्यर्थी किसी एक परीक्षा में बैठते हैं, तो चयनित होने वालों की संख्या हजारों में ही सिमट जाती है। ऐसे में केवल सरकारी नौकरी को ही अंतिम लक्ष्य मान लेना और उसी पर निर्भर रहना एक अत्यंत जोखिमपूर्ण निर्णय बन जाता है।

इस पूरे परिदृश्य का सबसे चिंताजनक पहलू नॉन-अटेंडिंग कल्चर का तेजी से फैलना है। देश के लगभग हर राज्य में यह प्रवृत्ति देखी जा रही है कि छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के नाम पर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नियमित कक्षाओं से दूरी बना लेते हैं। वे यह मान लेते हैं कि सफलता पाने के लिए उन्हें पूरी तरह से पारंपरिक शिक्षा प्रणाली से अलग होना होगा। लेकिन यह सोच धीरे-धीरे उनके भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो रही है।

वास्तव में, कॉलेज जीवन केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं होता। यह वह समय होता है जब एक छात्र का बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास होता है। कक्षा में भागीदारी, शिक्षकों से संवाद, समूह चर्चा, प्रस्तुतियां और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां—ये सभी मिलकर एक व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती हैं। जब छात्र इन सभी से दूर हो जाते हैं, तो वे केवल विषय ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के आवश्यक कौशलों से भी वंचित रह जाते हैं।

नॉन-अटेंडिंग कल्चर का एक और गंभीर दुष्प्रभाव यह है कि छात्रों की शैक्षणिक नींव कमजोर हो जाती है। वे विषयों को गहराई से समझने के बजाय केवल परीक्षा पास करने तक सीमित रह जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में असफल होने के बाद उनके पास न तो मजबूत अकादमिक रिकॉर्ड होता है और न ही कोई वैकल्पिक करियर विकल्प। परिणामस्वरूप वे आत्मविश्वास खो बैठते हैं और मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि आज का समय तकनीकी रूप से अत्यंत उन्नत है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। देश के हर कोने में ऑनलाइन कोचिंग, वीडियो लेक्चर, डिजिटल नोट्स, टेस्ट सीरीज और वर्चुअल क्लासरूम की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में यह कहना कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कॉलेज छोड़ना आवश्यक है, पूरी तरह से गलत धारणा है। छात्र अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ भी प्रभावी ढंग से तैयारी कर सकते हैं।

यदि एक संतुलित और व्यावहारिक रणनीति अपनाई जाए, तो छात्र अपनी स्नातक शिक्षा के तीन वर्षों का सर्वोत्तम उपयोग कर सकते हैं। प्रथम वर्ष में उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामान्य ज्ञान, समाचार पत्रों और समसामयिक घटनाओं से जुड़ना चाहिए। यह उनकी बौद्धिक नींव को मजबूत करता है। द्वितीय वर्ष में वे गणित, रीजनिंग और भाषा जैसे विषयों पर अपनी पकड़ मजबूत कर सकते हैं। साथ ही, एनसीईआरटी की पुस्तकों के माध्यम से अपनी मूलभूत अवधारणाओं को स्पष्ट कर सकते हैं। अंतिम वर्ष तक पहुंचते-पहुंचते उन्हें यह स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए कि वे उच्च शिक्षा की ओर बढ़ना चाहते हैं या प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं।

देश के विभिन्न राज्यों में उच्च शिक्षा और निजी क्षेत्र के अवसर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आईटी, मैनेजमेंट, हेल्थकेयर, स्टार्टअप्स, स्किल-बेस्ड जॉब्स और फ्रीलांसिंग जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए नए दरवाजे खुल रहे हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि छात्र केवल सरकारी नौकरियों तक ही अपने विकल्प सीमित न रखें, बल्कि अपने कौशल और रुचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशें।

अभिभावकों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अक्सर देखा जाता है कि बच्चे अपने दोस्तों या समाज के दबाव में आकर नॉन-अटेंडिंग रहने का निर्णय लेते हैं और अभिभावक उन पर भरोसा करके उन्हें इसकी अनुमति दे देते हैं। लेकिन यह आवश्यक है कि अभिभावक इस निर्णय के दीर्घकालिक प्रभावों को समझें और अपने बच्चों को संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करें। केवल एक परीक्षा या एक करियर विकल्प पर निर्भर रहना समझदारी नहीं है।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता उन्हीं को मिलती है, जो लचीलापन अपनाते हैं और अपने लिए कई विकल्प खुले रखते हैं। एक छात्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी शैक्षणिक योग्यता को मजबूत बनाए, साथ ही कौशल विकास पर भी ध्यान दे। संचार कौशल, तकनीकी दक्षता, समस्या समाधान क्षमता और आत्मविश्वास—ये सभी गुण उसे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहायता करते हैं।

अंततः यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि सीईटी (सामान्य पात्रता परीक्षा) या कोई भी प्रतियोगी परीक्षा केवल एक अवसर है, न कि जीवन का अंतिम लक्ष्य। इसे जीवन का एक हिस्सा मानकर चलना चाहिए, न कि संपूर्ण आधार। यदि छात्र अपनी पढ़ाई, कौशल और व्यक्तित्व विकास पर समान रूप से ध्यान दें, तो वे न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

समय की मांग यही है कि हम एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाएं—जहां तैयारी भी हो और शिक्षा भी, लक्ष्य भी हो और विकल्प भी। तभी हमारे युवा न केवल नौकरी की दौड़ में सफल होंगे, बल्कि एक मजबूत, आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक के रूप में देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।

-डॉ. प्रियंका सौरभ

# आधुनिक विश्व व्यवस्था और व्यापारिक सैन्यवाद

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की वैश्विक घटनाओं का अवलोकन करें, तो अमेरिका-इजरायल बनाम ईरान का संघर्ष परिणाम और व्यापकता की दृष्टि से सर्वाधिक प्रभावकारी और विस्तृत युद्ध प्रतीत होता है। यदि इसे 90 के दशक के इराक युद्ध का एक रणनीतिक विस्तार कहा जाए, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इराक पर आधिपत्य के साथ ही जॉर्ज बुश ने अरब प्रायद्वीप में अमेरिकी प्रभाव की जो नींव रखी थी, ईरान उसी वर्चस्व के मार्ग का अंतिम और सबसे कठिन कांटा बनकर उभरा है। इराक का पतन केवल एक शासन परिवर्तन नहीं था, बल्कि वह पूरे मध्य-पूर्व को एक एकध्रुवीय सांचे में ढालने की प्रक्रिया का आरंभ था, जिसे ईरान ने अपनी प्रतिरोध की धुरी के माध्यम से बाधित कर दिया है।

ईरान की संप्रभुता और उसकी बढ़ती सामरिक ताकत हमेशा से अमेरिका और इजरायल के लिए असहजता का कारण रही है। खाड़ी के अन्य देशों की तुलना में ईरान में एक शिक्षित, जागरूक और मुखर मध्यम वर्ग की उपस्थिति उसे वैचारिक रूप से अधिक सुदृढ़ बनाती है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद, ईरान ने न केवल अमेरिकी बादशाहत को चुनौती दी, बल्कि ग्रेटर इजरायल की अवधारणा के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोधक बनकर खड़ा हो गया।

ईरान ने हिजबुल्ला, हुती और हमास जैसे समूहों को वैचारिक और सैन्य संजीवनी प्रदान की, जिसने इजरायल के सैन्य प्रसारवाद को सीमित कर दिया। अमेरिका जैसे नव-आर्थिक साम्राज्यवादी देश के लिए यह असहनीय था। ओबामा के काल में छद्म शांति (छ्ष्टक्क) का जो मुखौटा पहना गया और ट्रंप के समय में जिसे मैक्सिमम प्रेशर की नीति से एक अलग मोड़ दिया गया, उसका अंतिम तार्किक निष्कर्ष ईरान को सीधे सैन्य और आर्थिक घेरेबंदी में लेना ही था।

क्या यह युद्ध केवल तेल की कूटनीति या ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए है? गहराई से देखने पर उत्तर नहीं में मिलता है। इस युद्ध के पीछे वे वैश्विक शक्तियां और सैन्य-औद्योगिक परिसर हैं, जो युद्ध को एक उत्पाद की तरह देखते हैं। यह परिसर केवल हथियारों की आपूर्ति नहीं करता, बल्कि वह निरंतर भय की आपूर्ति करता है ताकि मांग कभी समाप्त न हो।

शक्तिशाली देशों के लिए व्यापार का सबसे आकर्षक क्षेत्र हथियारों की बिक्री है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जहाँ अमेरिका और नाटो देशों ने अपने पुराने हथियारों के भंडार को खाली कर अरबों डॉलर का नया व्यापार सृजित किया। दूसरी ओर, रूस और चीन जैसे देशों के पास भी हथियारों का विशाल जखीरा है। यदि विश्व में पूर्ण शांति स्थापित हो जाए, तो इन घातक खिलौनों का बाजार ठप हो जाएगा। अतः, यह आवश्यक था कि कोई नया मोर्चा खुले जहाँ दोनों खेमे अपने हथियारों की श्रेष्ठता सिद्ध कर सकें और उन्हें खपा सकें।

अमेरिका की रणनीति केवल युद्ध जीतना नहीं, बल्कि असुरक्षा का स्थायी भाव पैदा करना है। ईरान को एक अस्तित्वगत खतरे के रूप में पेश करके, अमेरिका ने खाड़ी के धनी देशों को एक अंतहीन रक्षा-सौदा जाल में फँसा लिया है। जब तक ईरान की मिसाइलें एक चुनौती बनी रहेंगी, तब तक वाशिंगटन के पेट्रियोट सिस्टम और उन्नत लड़ाकू विमानों के लिए बाजार सुनिश्चित रहेगा। यह प्रोटेक्शन मनी वसूलने का एक आधुनिक और परिष्कृत कूटनीतिक तरीका है।

अब युद्ध की नई परिभाषा गढ़ी जाने लगी है। आज की विश्व व्यवस्था में कोई भी दो परमाणु संपन्न शक्तियां सीधे आमने-सामने आने का जोखिम नहीं उठाएंगी। यह तीसरे विश्व युद्ध की पारंपरिक परिभाषा को बदल चुका है। वर्तमान में बड़ी शक्तियां सीधे नहीं लड़तीं, बल्कि वे छोटी शक्तियों के कंधों पर बंदूक रखकर चलाती हैं। एक पक्ष हमला करता है, तो दूसरा पक्ष मानवीय सहानुभूति के नाम पर हथियार और रसद की आपूर्ति करता है। यह शीत युद्ध का एक उन्नत संस्करण है। जहाँ पहले विचारधारा की लड़ाई थी, वहीं अब यह केवल बाजार की लड़ाई है। अमेरिका इस युद्ध में उलझा हुआ दिखाई दे सकता है, लेकिन वास्तव में वह इस अस्थिरता के माध्यम से अपने रक्षा उपकरणों के लिए नए खरीदार और दीर्घकालिक अनुबंध तैयार कर रहा है। लेबनान से लेकर यमन तक का रणक्षेत्र वास्तव में अंतरराष्ट्रीय हथियार मेलों का एक लाइव डेमो बन चुका है।

इस युद्ध का सबसे दुखद पहलू ईरान का भविष्य है। जिस प्रकार इराक को दशकों पीछे धकेल दिया गया, वैसा ही खतरा ईरान पर मंडरा रहा है। युद्ध की विभीषिका ईरान को एक लंबे समय के लिए विकास की मुख्यधारा से बाहर कर देगी। उसकी अर्थव्यवस्था, जो पहले से ही प्रतिबंधों से जूझ रही है, पूरी तरह चरमरा सकती है।

ईरान के बढ़ते प्रभाव से भयभीत अन्य मध्य-पूर्व के देश (जैसे सऊदी अरब और यूएई) अपनी सुरक्षा के लिए और अधिक तीव्रता से अमेरिका के करीब जाएंगे। यह अमेरिका की उस कूटनीति की जीत होगी जिसमें वह रक्षक की भूमिका में रहकर पूरे क्षेत्र के संसाधनों और तेल की कीमतों पर नियंत्रण रखता है। यह एक ऐसा चक्र है जहाँ विनाश किसी देश का होता है, लेकिन पुनर्निर्माण के ठेके उन्हीं शक्तियों को मिलते हैं जिन्होंने युद्ध की आग सुलगाई थी।

क्या शांति की कोई संभावना है? साम्राज्यवाद और उग्र सैन्यवाद की राह पर अग्रसर आज की दुनिया में शांति के लिए जगह कम होती जा रही है। हर देश अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति की दुहाई देता है, लेकिन पर्दे के पीछे सैन्य बजट में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की जाती है। जब तक युद्ध मुनाफे का सौदा बना रहेगा, तब तक शांति केवल एक कूटनीतिक शब्द बनकर रह जाएगी।

निष्कर्षतः, अमेरिका-इजरायल बनाम ईरान का यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह वैश्विक पूंजीवाद और सैन्य व्यापार का एक क्रूर प्रदर्शन है। इसमें जीत किसी देश की नहीं, बल्कि उस सिस्टम की होगी जो लाशों पर अपनी अर्थव्यवस्था की इमारत खड़ी करता है। दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर नहीं, बल्कि एक परमानेंट वार इकोनॉमी की ओर बढ़ रही है, जहाँ शांति केवल दो बड़े रक्षा सौदों के बीच का एक छोटा सा विराम मात्र है।

-अजय कुमार झा

# ई-टोकन से होगा शत-प्रतिशत खाद का वितरण

## जिले के कृषकगणों से अपील है कि ई-पंजीयन जरूर कराएं-कलेक्टर सिंह

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई ई-विकास प्रणाली अर्थात ई-टोकन से खाद (रासायनिक उर्वरक) वितरण की व्यवस्था प्रारंभ की गई। जिले में इसी व्यवस्था के तहत खाद वितरित किया जा रहा है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है वे ई-विकास पोर्टल पर अपना पंजीयन अवश्य करा लें। ऑनलाइन पोर्टल पर किसान की जमीन, बोई गई फसल व खाद की आवश्यकता का सम्पूर्ण ब्यौरा दर्ज रहता है। किसानों को आश्वस्त किया गया है कि शासन द्वारा खरीफ मौसम में भी खाद की पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने कृषि, सहकारिता व विपणन संघ के अधिकारियों सहित जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि जिले के कृषकों को नई व्यवस्था की जानकारी दें। साथ ही उन्हें ई-टोकन प्रणाली से खाद लेने के लिये प्रोत्साहित करें।

आसान है ई-विकास पोर्टल पर पंजीयन कराना- ई-विकास पोर्टल पर पंजीयन कराना अत्यंत आसान है। इस पोर्टल पर कृषकगण जैसे ही अपना आधार नम्बर दर्ज कराते हैं वैसे ही लिंक मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होता है। ओटीपी सत्यापित होते ही किसान का ऑनलाइन पंजीयन पूर्ण हो जाता है। पंजीयन के बाद किसान भाई ई-टोकन प्राप्त कर उर्वरक ले सकते हैं। पोर्टल पर किसान की भूमि संबंधी जानकारी एग्री स्टेक सिस्टम से प्राप्त हो जाती है। पोर्टल पर किसान के नाम दर्ज खसरा नम्बर व भूमि का विवरण भी उपलब्ध रहता है।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री गोपेश पाठक ने बताया कि ई-टोकन में किसान का नाम, पंजीयन क्रमांक, उर्वरक का प्रकार व मात्रा, वितरण केन्द्र एवं निर्धारित तिथि व समय अंकित रहता है। यह टोकन एसएमएस, मोबाइल एप या वेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। ई-टोकन के आधार पर जिले के किसान निर्धारित समय पर किसी भी वितरण केन्द्र से उर्वरक प्राप्त कर रहे हैं।

# जीरन रेल नीमच बांसवाडा दाहोद नंदुबार रेल लाइन से जुड़ेगा या नहीं स्थिति स्पष्ट करे नीमच मंदसौर के सांसद और नीमच के विधायक



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच के पूर्व विधायक डॉ. संपत स्वरूप जाजू ने नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद-नंदुरबार प्रस्तावित रेल लाइन के फाइनल सर्वे को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने नीमच-मंदसौर के सांसद श्री सुधीर गुप्ता और नीमच विधायक श्री दिलीप परिहार से स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।

डॉ. जाजू ने कहा कि इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना के फाइनल सर्वे में नीमच विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख नगर पंचायत जीरन की क्या स्थिति तय की गई है, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सांसद और विधायक द्वारा इस विषय में कोई ठोस पहल की गई है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि चित्तौड़गढ़ के सांसद सी.पी. जोशी द्वारा रेल मंत्री को पत्र लिखकर प्रतापगढ़ के लिए पहल की गई, उसी तरह क्या नीमच-मंदसौर के जनप्रतिनिधियों ने भी जीरन के हित में कोई प्रयास किया है? यदि किया है तो उसे सार्वजनिक किया जाए।

पूर्व विधायक ने आग्रह किया कि यदि अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है, तो जनप्रतिनिधि तत्काल रेल मंत्री से संपर्क कर जीरन की स्थिति से अवगत कराएं, ताकि क्षेत्र के विकास में यह महत्वपूर्ण परियोजना सहायक बन सके।

# जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत 92 हजार 98 आवेदनों का हुआ निराकरण- उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में देवास के मल्हार स्मृति मंदिर में संकल्प से समाधान अभियान एवं जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं कन्या पूजन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में विधायक देवास श्रीमती गायत्रीराजे पवार, विधायक बागली श्री मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष श्री रायसिंह सेंधव, श्री दुर्गेश अग्रवाल, श्री भेरूलाल अटारिया, कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर श्री शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर श्री संजीव कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री अंशु जावला, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में हितग्राहीगण उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा कई जन हितैषी कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविरों का आयोजन पूरे प्रदेश सहित देवास जिले में भी किया जा रहा है। यह शिविर चार चरणों में सतत जारी है। इन शिविरों का शुभारंभ 12 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुआ जो कि 31 मार्च तक संचालित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम 22 विभागों की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि देवास जिले में संकल्प से समाधान अभियान कार्यक्रम अंतर्गत 73 शिविरों का आयोजन किया गया। संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर में 01 लाख 02 हजार 486 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें 92 हजार 98 आवेदनों को निराकरण किया गया। आज आयोजित इस कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इसके लिए आप सभी को बधाई देता हूं।

# गायत्री परिवार जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन, बाबूलाल खंडेलवाल बने जिला समन्वयक

## कांतिलाल पटेल को बनाया तहसील समन्वयक



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुन्ज हरिद्वार के आदेशानुसार एवं म.प्र. जोन भोपाल के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ देवास पर इंदौर उपजोन प्रभारी श्रीकृष्ण शर्मा की गरिमामय उपस्थिति एवं गायत्री परिजनों की विशेष उपस्थिति में जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन हुआ ।

गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि बैंठक की शुरुआत में श्री वेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा का पूजन कर दीप प्रज्जवलित किया द्य अतिथियों का मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया गया द्य श्री चौधरी ने आगे बताया कि मिशन के कार्यों को और अधिक सुचारू रूप से गति देने हेतु जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें जिला समन्वयक हेतु बाबूलाल खंडेलवाल देवास को सर्वसम्मति से जिला समन्वयक संगठन का दायित्व सौंपा गया साथ ही जिले के सक्रिय प्रतिनिधियों में समन्वय समिति के सह समन्वयक के रूप में हरिराम जिराती सिरोल्या (शक्तिपीठ पदेन) प्रज्ञा संस्थान, सह समन्वयक (रिकार्ड व रिपोर्ट) का दायित्व महेश पटेल पटाड़ी एवं जिला स्तर पर आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी जिला प्रभारी टीना सोलंकी नेवरी एवं स्वास्थ्य आंदोलन हेतु डॉ. जीवनसिंह पटेल रनायर गाडरी, नशा मुक्ति अभियान में डॉ. रूपसिंह नागर सुल्पाखेड़ा, बाल संस्कार शाला अभियान हेतु केशव पटेल देवास, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए शिवनारायण शर्मा सोनकच्छ, पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान हेतु नारायणप्रसाद सराठे खातेगांव, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार अभियान में गिरीश गुरु हाटपीपल्या, युवा जोड़ो अभियान हेतु हरिओम लोटन उदयनगर, स्वावलंबन एवं शिक्षण प्रशिक्षण हेतु राधेश्याम यादव कन्नौद, साधना एवं स्वाध्याय अभियान हेतु आलोक जोशी सतवास, मंडल विस्तार अभियान हेतु मोहनलाल विश्वकर्मा बागली एवं नारी जागरण अभियान हेतु लेखा राठौर सहित 15 सदस्यों को जिले का विभिन्न प्रभार का दायित्व सौंपा गया । यह समन्वय समिति सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय को ध्यान में रखते हुए, युगऋषि परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के युग परिवर्तन के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य संगठन के विभिन्न अभियानों के माध्यम से करेंगी ।

गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश पंड्या, गायत्री प्रज्ञापीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजेन्द्र पोरवाल, युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले, मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी, ट्रस्ट सदस्य कन्हैयालाल मोहरी, महेश चौधरी, विजेन्द्रसिंह बेस, लक्ष्मण पटेल, लता खंडेलवाल, रामनिवास कुशवाह, सतीश तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया द्य बैंठक का सफल संचालन पूर्व उज्जैन उपजोन प्रभारी महेश आचार्य एवं आभार पूर्व जिला समन्वयक हरिराम जिराती ने माना ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास के चित्रकला विभाग ने आज जल गंगा संवर्धन आभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस पी एस राणा के नेतृत्व में किया। जिसका शीर्षक आज बचायेंगे जल, तभी तो देखेंगे कल पर सभी विद्यार्थियों ने चित्र बनाकर अपनी भावनायें प्रदर्शित की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी चित्रकला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. बी.एस जाधव,डॉ. मनोज मालवीय, जॉन प्रितेश, डॉ. सीमा परमार के साथ अन्य प्राध्यापक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहें। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुश्री मोनिका चौहान एम ए चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर सुश्री श्रद्धा चौहान एम ए द्वितीय सेमस्टर समाजशास्त्र, एवं तृतीय स्थान पर श्री विवेक बी ए प्रथम वर्ष रहे कार्यक्रम का आयोजन चित्रकला विभाग द्वारा आईक्यूऐसी,इको क्लब के तत्वाधान में किया गया, कार्यक्रम की संयोजक डा. प्रतिमा रायकवार विभागाध्यक्ष (चित्रकला विभाग) थी एवं आयोजन में विशेष सहयोग इको क्लब,युवा पर्यटन क्लब प्रभारी जितेन्द्र सिंह राजपूत का रहा।

# गरबा, महाआरती और भक्ति का संगम, विकास नगर में चैत्र नवरात्रि महोत्सव की धूम



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जन चेतना सामाजिक संस्था द्वारा विकास नगर चौराहा पर चैत्र नवरात्रि महापर्व हर्षोल्लास के साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। संयोजक अजय तोमर एवं अध्यक्ष सुदेश सांगते ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत पंचम दिवस पर रंगारंग गरबा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कलाकारों द्वारा दी गई। नगर में पहली बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की आकर्षक मिट्टी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत आराधना की जा रही है। शहरभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन के लिए पंडाल पहुंच रहे हैं। पंचम दिवस की संध्या महाआरती भोपाल से पधारे भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप त्रिपाठी, हाटपीपलया विधायक मनोज चौधरी, सोनकच्छ विधायक राजेश सोनकर, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, सभापति रवि जैन, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, सोनू पंजाबी, राखी झालानी, विनीता व्यास आदि के द्वारा संपन्न कराई गई। आयोजकों के अनुसार नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत 25 एवं 26 मार्च को भजन संध्या तथा 27 मार्च को महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। समापन अवसर पर भव्य झांकी एवं गरबा के साथ विसर्जन चल समारोह सयाजी गेट से प्रारंभ होकर मीठा तालाब तक निकाला जाएगा।

# देवास में बस ऑपरेटरों का विरोध

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में बस संचालन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्राइम रूट बस ऑपरेटर एवं चौहान ट्रेवल्स ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपते हुए मार्बल बस के मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन में बताया गया है कि मार्बल बस के मालिक द्वारा कथित रूप से आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को स्टाफ में रखा गया है, जिससे अन्य बस संचालक भय और तनाव में काम कर रहे हैं। असरफ उर्फ भेरू, बबलू सहित कई जिलाबदर व्यक्तियों को काम पर रखने के कारण लगातार विवाद की स्थिति बन रही है। बस ऑपरेटरों का कहना है कि इस संबंध में 30 जून 2025 को भी शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप है कि मार्बल बस का स्टाफ अन्य बस चालकों और मालिकों को डराकर-धमकाकर बाजार पर एकाधिकार स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में भी कुछ बस मालिकों को परेशान कर उनकी गाड़ियां खरीदने के लिए मजबूर किया गया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं सुन अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जनसुनवाई में आये आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री अंशु जावला सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

पट्टा दिलवाया जाए- जनसुनवाई में आवेदक रामप्रसाद पिता निर्भय सिंह ने पट्टा दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

अतिक्रमण हटावाया जाए- जनसुनवाई में आवेदक धर्मेंद्र वर्मा निवासी ग्राम कानकुंड तहसील देवास ने अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

घरों के ऊपर से निकलने वाले हाई टेंशन लाइन के तार हटवाए जाए- जनसुनवाई में आवेदक चंदाबाई, बसंताबाई, कुंताबाई सहित अन्य ग्रामीणजन निवासी ग्राम फतेहपुर खेड़ा, टोंकखुर्द ने हाई टेंशन लाइन के तारों को घरों के ऊपर से हटाए जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाया जाए- जनसुनवाई में आवेदक लाखन सिंह पिता अंतर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

पेयजल उपलब्ध करवाया जाये- जनसुनवाई में ग्राम जनोली बुजुर्ग, तहसील टोंकखुर्द के निवासी ने पेयजल उपलब्ध कराए जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक?टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

ये आवेदन भी हुए प्राप्त- जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमाकंन, बिजली बिल कम कराने, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, नामाकंन, बंटवारा, रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई जनसुनवाई सभी प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,उप पुलिस अधीक्षक (एल/आर) श्रीमती बबिता बामनिया की उपस्थिति में प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत सुनी गई ।

साथ ही जन सुनवाई की प्रत्येक शिकायत का निराकरण 07 दिवस में करने पर भी ज़ोर दिया जा रहा है एवं अगली जन सुनवाई पर पूर्व आयोजित जन सुनवाई की समस्त शिकायतों का प्रतिवेदन थानो से प्राप्त कर उनकी समीक्षा की जा रही है ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जन सुनवाई जन-समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण का प्रमुख साधन है । समस्त राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति शिकायतों को समग्र रूप में समझने में सहायक होंगी वहीं समयबद्ध 07 दिवसीय निराकरण प्रक्रिया जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को अभिवृद्ध करेगी ।

पुलिस कप्तान के अनुसार शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निराकरण नहीं होने के चलते कई गंभीर अपराध घटित होते हैं और क़ानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है । इसी के चलते जनसुनवाई को प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया है जिसमें आगामी दिनों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने की पूर्ण उम्मीद है ।

# आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किये गये

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को देवास जिले की समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्यारम्भ कार्यक्रम अंतर्गत 5-6 वर्ष की आयु वाले बच्चें जो स्कूल में भर्ती होंगे उन्हें प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना देवास शहरी के सभाकक्ष में विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री साबीर अहमद सिद्दीकी, पार्षद श्री आलोक साहू, परियोजना अधिकारी श्री मोहनलाल अहिरवार उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों को विद्यारम्भ प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्राप्त कर स्कूल में प्रवेश की पात्रता वाले बच्चों को विद्यारम्भ प्रमाण पत्र वितरित किये गयें। इस अवसर पर सभी संबंधित उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5-6 वर्ष के समस्त बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। इससे आंगनवाड़ी केन्द्रों द्वारा प्रदत प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की महत्ता स्पष्ट रूप से रेखांकित होगी तथा समुदाय इन्हें शिक्षा के प्रमाणिक केन्द्र के रूप में स्वीकार करते हुए बच्चों को नियमित रूप से केन्द्रों पर भेजने हेतु प्रेरित होगा।

# दुःख से हमारे पाप को समाप्त होते है और सुख पुण्य को समाप्त करते है - महामंडलेश्वर संत भास्करानंद



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भक्ति से शक्ति प्राप्त करने के बाद अपराध करने वाला अपने पापों का प्रायश्चित नहीं करता है वो पाप मति अर्थात राक्षस प्रवृत्ति का हो जाता है उसे परमात्मा क्षमा नही करते है। किंतु बुरे विचारों के साथ भी जो ईश्वर के निकट पहुंचने की कोशिश करता है तो परमात्मा उसका कल्याण करता है। कोई किसी का बुरा करे ये उसका कर्म है। अगर आप किसी बुरा करने वाले का बुरा नहीं करते है वो आपका धर्म है। हम ईश्वर से हर बात पर शिकायत करते है उसने हमें जो दिया है उसका ईश्वर को हम धन्यवाद नहीं देते है । शिकायत से ईर्षा का जन्म होता है और धन्यवाद से धैर्य की प्राप्ति होती है। धैर्य का प्रतिफल है ईश्वर की कृपा प्राप्ति।

भक्त को क्रोध नहीं करना चाहिए । क्रोध एक ऐसा दुर्गागुण है जिसमें फसते भी आप है उलझते भी आप है । हम शब्दों से परमात्मा के सम्मुख रहते है, जब की प्रभु शब्दों से नहीं आपके ह्रदय से निकले प्रेम के भावों से रीझते है । जो वर्तमान में जीता है वो आनंद का अनुभव करता है और जो भविष्य को लेकर जीता है वो हमेशा दुखी और चिंतित दिखाई देता है। कल की चिंता न करे कल किसने देखा है ।जो आज है वो ईश्वर कल भी तेरे साथ होगा । दुनिया को याद रखने वाले दुनिया याद नहीं रखती मगर दुनिया बनाने वाले को जिसने याद रखा है दुनिया उसे कभी नहीं भूलती है। बाहर के शत्रु हमे जितना बर्बाद नही करते जितने हमारे अंदर के शत्रु वो है काम क्रोध मद मोह इर्ष्या। बाहर का रास्ता कितने भी कंकड़ पत्थर वाला हो कैसा भी जूता पहन कर रास्ते पर चला जा सकता है मगर अच्छे जूते में एक कंकड़ हो तो हम एक क़दम भी नहीं चल सकते है। जिसके ह्रदय में विकार नहीं है वो मक्खन है । हमारे पास शास्त्र रूपी गाय है उससे भक्ति रूपी दूध प्राप्त होगा , ह्रदय रूपी पवित्र पात्र हो जिसमे कुसंग का छिद्र न हो , उस भक्ति के दूध को दर्शन की लालसा के साथ गरम करो । समता और धैर्य के साथ ईश्वर की प्राप्ति के विश्वास के साथ उसे शीतल करे।

# म.प्र.वि.वि.क.लि.द्वारा मनमाने ढंग से पंचायतों से वसूली करने का प्रयास



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनपद पंचायत बागली सरपंच संघ अध्यक्ष नाथू सिंह सेंधव के नेतृत्व में सरपंचों ने विद्युत विभाग द्वारा मनमाने ढंग से दिए गए बिल व बिना सूचना के विद्युत कनेक्शन काटे जाने की शिकायत को लेकर देवास कलेक्टर ऋतुराज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि ग्राम पंचायतों ने जितना बिजली का उपयोग किया उतना ही बिल दिया जाएं। कई पंचायतों में कनेक्शन नहीं है, फिर भी लाखों रुपए के बिल मनमाने ढंग से बनाकर पंचायतों से वसूली करने का प्रयास किया जा रहा है,जो अनुचित है। वर्षो पुराने कनेक्शन विद्युत मंडल के रिकॉर्ड में दर्ज हैं लेकिन भौतिक रूप से वर्तमान में कोई उपयोग नहीं है। अधिकांश विद्युत कनेक्शन नवीन नलजल योजना से संबंधित है जो कि अपूर्ण होकर ग्राम पंचायत को हैंडओवर नहीं है, फिर भी उनके बिल ग्राम पंचायत को दिए गए हैं। सोबल्यापुरा सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार ने कहा ग्राम पंचायत को जो बिल दिए गए उनके अनुसार मौके पर भौतिक सत्यापन किया जाए कि वास्तव में इतना ग्राम पंचायत द्वारा बिजली का उपयोग किया जा रहा है या नहीं। मौके पर जो बिजली का उपयोग किया जा रहा है उसी के अनुसार बिल दिए जाएं,तो हम राशि जमा करने को तैयार हैं। इस संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात करके अनुचित बिल न देने का निर्देश दिया।

इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,विधायक मुरली भंवरा से मुलाकात कर उन्हें भी समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर रतनपुर सरपंच हरिहर मोगरे,पुंजापुरा सरपंच मोहन राठौर,मानसिंगपुरा सरपंच अमर सिंह रंधावा, करड़ी के देवीसिंह राठौर, पलासी से सुरेश खन्ना, आप सिंह अलावा जितेन सोलंकी तोर सिंह बघेल सुनील मालवीय हिंदू मुजाल्दे, गोविंद बैरागी, राम प्रसाद जाठवां, निखीलेश कौचले, मोहन डाबर,मनोहर सिंह,सुनील जायसवाल, वीरामसिंह कुमारिया आदि सरपंच व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नन्हे कदमों की नई उड़ान, सिलोदिया आंगनबाड़ी केंद्र पर भावपूर्ण विद्यारंभ एवं विदाई समारोह आयोजित

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत जवास्या के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिलोदिया के आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने के उद्देश्य से विद्यारंभ एवं विदाई समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी में अपना प्रारंभिक समय बिता चुके नन्हे बच्चों को स्कूली शिक्षा की नई दुनिया में प्रवेश के लिए भावपूर्ण विदाई दी गई।



आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्राथमिक शिक्षा के प्रति उत्साह जगाना और उन्हें विद्यालयीन वातावरण के लिए मानसिक रूप से तैयार करना रहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रामकन्या कटारिया ने इस अवसर पर कहा कि आंगनबाड़ी बच्चों के विकास की पहली सीढ़ी है और आज ये बच्चे एक नए सफर की शुरुआत कर रहे हैं।

समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शिक्षाविदों ने शिरकत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, पंचगण, विद्यालय के शिक्षकगण एवं आंगनबाड़ी सहायिका सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और बच्चों के परिजन उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर उनकी नई शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में प्रारंभिक शिक्षा और आंगनबाड़ी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे गाँव और समाज का भविष्य बदला जा सकता है। बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की गई।


विदाई के इस अवसर पर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। सभी बच्चों को मिठाई और आवश्यक शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। उपहार पाकर नन्हे बच्चे हर्षित नजर आए। संपूर्ण परिसर बच्चों के उल्लास और बड़ों के आशीर्वाद से सराबोर रहा। ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने आंगनबाड़ी स्टाफ के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में स्कूल जाने के प्रति रुचि बढ़ती है और शिक्षा का स्तर बेहतर होता है।

## आंगनवाड़ी केंद्र क्र. 8 में आंगनवाड़ी 7.8.9 ने सामूहिक रूप से विद्यारंभ का कार्यक्रम आयोजित किया गया



**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** खाचरोद में दिनांक 24.3.26 को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 8 में आंगनवाड़ी 7.8.9 ने सामूहिक रूप से विद्यारंभ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा को आमंत्रित किया गया श्रीमती मनीषा शर्मा द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं उन्होंने उनके उद्बोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वैष्णव पांच ट्रस्ट में बड़ा फेरबदल



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र की प्रतिष्ठित धार्मिक एवं सामाजिक संस्था वैष्णव पंच ट्रस्ट में संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। ट्रस्ट के वरिष्ठ एवं संस्थापक ट्रस्टी बाबूलाल अग्रवाल द्वारा अपने पद से स्वैच्छिक त्यागपत्र देने के बाद, रिक्त हुए महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। ट्रस्ट की स्थापना से ही अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल अग्रवाल ने स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके लंबे अनुभव और मार्गदर्शन की ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने सराहना की। उनके द्वारा रिक्त किए गए स्थान को भरने के लिए ट्रस्ट की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। ट्रस्ट की गरिमा और कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए सदस्यों के बीच गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए श्याम यादव को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन को मजबूती देने के लिए श्री राजेशअग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन में हुए इस महत्वपूर्ण परिवर्तन की आधिकारिक जानकारी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री जी.पी. सिंह राठौर द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि यह निर्णय ट्रस्ट की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए पदाधिकारी पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। श्याम यादव और राजेशअग्रवाल की नियुक्ति पर समाज के गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में वैष्णव पांच ट्रस्ट सेवा और धर्म के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

## नन्हे कदम शिक्षा की ओर - 'विद्यारंभ' प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित परियोजना-1 के सेक्टर-1 में मंगलवार, 24 मार्च को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयुक्त संचालक राजेश मेहरा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के विशेष मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 5 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को आंगनबाड़ी से स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर करना था। इस अवसर पर बच्चों को विद्यारंभ प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। नन्हे बच्चों को तिलक लगाकर और उनका अभिनंदन कर औपचारिक शिक्षा के सफर के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद श्रीमती लक्ष्मी लालबहादुर बादशाह, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अमित जोशी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विभाग की इस पहल को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की सही शुरुआत ही समाज की मजबूत नींव तैयार करती है।

इस अवसर पर विभाग की सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।

## क्रिकेट के महाकुंभ में एमसीसी नागदा की जीत, 29 को होगा फाइनल मुकाबला

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधायक भंवरसिंह शेखावत के नेतृत्व में आयोजित बाबूजी प्रीमियर लीग का उत्साह चरम पर है। देर रात तक चलने वाले इन मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी डटे रहते हैं। प्रतियोगिता में अब तक 13 टीमें अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।



हाल ही में खेले गए मैच में एमसीसी नागदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मनासा 11 को 7 विकेट से हराकर अपनी जगह पक्की की। अन्य मैचों में शेरा 11, मनासा 11 और कठोडिया ने भी जीत दर्ज की। विधायक शेखावत स्वयं मैदान पर मौजूद रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं।

विधायक मीडिया प्रभारी महेश पाटीदार के अनुसार, मेडल और प्रमाणपत्र वितरण के दौरान प्रेस क्लब कडोदकला और गणेश व्यायाम शाला के पदाधिकारी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संरक्षक गोवर्धनसिंह डोडिया और दिनेश रघुवंशी ने इस आयोजन को क्रिकेट का महाकुंभ बताते हुए क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर बताया। प्रतियोगिता का भव्य फाइनल मुकाबला 29 मार्च को संभावित है। आयोजन समिति के महेश पाटीदार, विकास जाट, आशीष जोशी सहित समस्त कार्यकर्ता व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्रसिंह चौहान द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न ग्रामों एवं तहसीलों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं मांगें प्रस्तुत कीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रकरणों की तथ्यात्मक जांच कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में प्राप्त प्रमुख आवेदनों में ग्राम पंचायत चुडेली, तहसील रामा के आवेदक श्री रूपसिंह डामोर एवं समस्त फलियावासियों द्वारा वर्ष 2021-22 में स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य की राशि आहरित होने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई। प्रकरण में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की गई। ग्राम हेडावा, तहसील थांदला के आवेदक श्री प्रकाश कटारा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम होने के बावजूद लाभ प्राप्त न होने की शिकायत दर्ज कराई गई।

## पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने नविन सिविल अस्पताल भवन का किया अवलोकन

### लोकार्पण की तैयारी हुई तेज, कमियों को दूर करने के दिए निर्देश

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** करीब 8 करोड़ 65 लाख 79 हजार लॉगत से बनकर तैयार हुए सिविल अस्पताल के नए भवन का लोकार्पण जल्द होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिह दत्तीगांव व एसड़ीएम प्रियंका मिमरोट ने अस्पताल का अवलोकन कर कमियो को देखा व दुर करने को लेकर ठेकेदार को निर्देशित किया।



दत्तीगांव ने अस्पताल पहुंचकर कमियो को देखा व निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। अस्पताल के डॉ कृष्णा राठौड़ व स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों ने उन्हें अस्पताल निर्माण व कक्षो के बारे में जानकारी दी। पूर्व मंत्री ने ऑक्सीजन लाइन, सीवरेज लाइन, फायर लाइन, शौचालय, पेयजल व्यवस्था आदि को भी देखा। कमियो को दूर करने के लिए उन्होंने ठेकेदार व स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों से चर्चा की।

दत्तीगांव ने नए भवन में ड्रेनेज सिस्टम की सफाई करवाने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, नया बोरलेन लगाने, भवन में उखड़ रहे फर्श को ठीक करने, भवन पर दोबारा नया कलर करने, खिड़कियों पर जाली लगाने आदि के निर्देश दिए।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार व सुनील मोदी, नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गोविंद रघुवंशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह पंवार, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह चौहान, भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी मनोज़ कवि, पार्षद जितेंद शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री कन्हैयालाल गुर्जर, विजयसिंह पंवार, मितेश शर्मा, विवेक पाटीदार, अंसुमन जोशी, पवन चालवा, तरुण रावल, राहुल जैन, संदीप मुकाती आदि उपस्थित थे। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

## विश्व शांति और सनातन धर्म जागरण हेतु होगा 100 बार हनुमान चालीसा का पाठ

### बदनावर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियाँ शुरू



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के अतिप्राचीन महावीर हनुमान मंदिर पर आगामी हनुमान जन्मोत्सव पर्व को अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाने के लिए मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस वर्ष जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य आकर्षण शत बार (100 बार) हनुमान चालीसा पाठ होगा।

बैठक में जानकारी देते हुए उस्ताद प्रहलाद यादव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 1 अप्रैल, बुधवार शाम को भव्य भजन संध्या के साथ होगी। मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा और भगवान हनुमान का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। 2 अप्रैल, गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य दिन प्रातः 6ः00 बजे भगवान की जन्मोत्सव महाआरती होगी। तत्पश्चात सुंदरकांड पाठ एवं विशेष हवन का आयोजन किया जाएगा। विश्व में चल रहे महायुद्धों की शांति और सनातन धर्म के जागरण के संकल्प के साथ शत बार (100 बार) हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक अनुष्ठान होगा। महाआरती के बाद विशाल प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

समिति के सदस्य यश गुर्जर ने जानकारी साझा करते हुए नगर के समस्त धर्मप्रेमी जनता और राम भक्तों से आग्रह किया है कि वे इस दो दिवसीय विशेष अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लें और विश्व शांति के इस महाअभियान का हिस्सा बनें।

## विश्व क्षय दिवस पर टीबी मुक्त भारत का संकल्प

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** स्थानीय सिविल हॉस्पिटल में विश्व क्षय (टीबी) दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों ने टीबी के उन्मूलन और जन जागरूकता पर जोर दिया।



कार्यशाला को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. गुलाम नबी ने जनता से भारत को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, यदि समय पर इसकी पहचान कर उपचार शुरू कर दिया जाए, तो मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने बताया कि दवाइयों के साथ-साथ मरीज का पोषण आहार रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, एसटीएस जगदीश अजमेरी ने भारत को टीबी मुक्त बनाने की सरकारी अवधारणा और प्रयासों को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पल्लवी सोलंकी, डॉ. वंदना डावर, डॉ. जयती भंडारी, फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा, बीई दिनेश कुमार पंचोली, टीबीएचवी किरण वर्मा, जगदीश परमार और विजय कटारिया उपस्थित थे। नर्सिंग स्टाफ से देव कुंवर कनाश, साक्षी पाटील, मधु सेन सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी व बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। यह जानकारी फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा द्वारा साझा की गई।

## वाहन चेकिंग में पुलिस की बड़ी कार्रवाई- 20 लीटर जहरीली कच्ची शराब 1 स्विफ्ट कार के साथ 2 आरोपी को किया गिरफ्तार

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** पुलिस टीम द्वारा रुनिजा ब्रिज के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार को रोका गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 20 लीटर हाथभट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब बरामद हुई।



पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया – दिलीप परमार (22 वर्ष) निवासी ब्रह्मण बड़ोदा थाना इंगोरिया एवं लखन परमार (40 वर्ष) निवासी ब्रह्मण बड़ोदा थाना इंगोरिया।दोनों के कब्जे से करीब 2000 रुपये कीमत की कच्ची शराब एवं 5 लाख रुपये कीमत की बिना नंबर की कार जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

गिरफ्तार आरोपी दिलीप परमार पर पहले से अपहरण, लूट, मारपीट व आबकारी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। वहीं लखन परमार पर भी मारपीट सहित अन्य प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार के नेतृत्व में सउनि सुनील देवके, राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, महेश मौर्य, मनोहर मोहरी, नारायण सरा एवं अजय चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

## बड़नगर भगवती माता पर नो दिवसीय शतचंडी महायज्ञ शुरू



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** प्राचीन भगवती माता मंदिर बड़नगर में नो दिवसीय पंच कुंडात्मक शतचंडी महायज्ञ चल रहा है। यज्ञआचार्य पंडित कपिल शास्त्री के सानिध्य में 10 जोड़े प्रतिदिनौ आहुतियां दे रहे हैं । पुजारी जितेंद्र भारती ने बताया कि भगवती माता पर 24 मार्च से 26 मार्च तक राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता भव्य आयोजन हो रहा है । भगवती माता भक्त मंडल,, ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में भगवती माता के दर्शन एवं कबड्डी प्रतियोगिता का लाभ लेने की अपील की है। शतचंडी महायज्ञ का समापन रामनवमी 27 मार्च को एक विशाल भंडारे के साथ होगा । जानकारी भगवती भक्त मंडल के सदस्य देवपुरी गोस्वामी ने दी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ उत्सवः 10 अंकों की यूनिक आईडी के साथ बच्चों को मिले प्रमाण पत्र



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय मध्य प्रदेश एवं विभाग के स्थानीय निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को नगर के वार्ड क्रमांक 06 एवं 07 में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नन्हे बच्चों को औपचारिक शिक्षा की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर अगली कक्षा में प्रवेश की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला मंत्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रेखा राठौड़ उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आंगनबाडी केंद्र बच्चों की शिक्षा की पहली सीढ़ी हैं। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शासन द्वारा प्रदत्त 10 अंकों की विशिष्ट (यूनिक) आईडी के साथ बच्चों को प्रमाण पत्र सौंपे। श्रीमती राठौड़ ने बच्चों को कुमकुम-चंदन का तिलक लगाया, माला पहनाई और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सीमा शुक्ला (केंद्र 19-A), श्रीमती दिपेनती गोसर (केंद्र 19-B), श्रीमती ममता चौहान (केंद्र 6-D) एवं श्रीमती युक्ति जोशी (केंद्र 20-A) की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम में सहायिका श्रीमती रोशनी बैरागी, लक्ष्मी मालवीय, ममता राठौर एवं मधु भाटी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले बच्चों में निष्ठी राठौड़, युक्ति, रुद्रांश, डिवीजा, पार्थवी, दक्षेक्ष, भूमिका एवं आर्यश्री शामिल रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता और वार्ड वासी उपस्थित थे, जिन्होंने विभाग की इस पहल की सराहना की।

## प्रदेश सरकार ने आंगनवाड़ियों में बच्चों के पोषण एवं शिक्षा की बेहतर व्यवस्था की है- श्री परिहार



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार ने आंगनवाड़ियों में बच्चों के उचित पोषण एवं शाला पूर्व शिक्षा की बेहतर व्यवस्था की है। जिले के 1112 आंगनवाडी केंद्र में बच्चों को इन सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। आंगनवाडी केंद्र बच्चों के लिए मां के बाद दूसरी प्रमुख पाठशाला है। यह बात विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय विद्यारंभ उत्सव को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या, सहायक संचालक श्री वैभव बैरागी एवं अभिभावकगण तथा विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव ने कहा, कि जिले में प्रशासन द्वारा सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के श्रेणी सुधार, सुपोषण के लिए कार्य किया जा रहा है। पाठशाला बच्चों के जीवन का अहम पड़ाव है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री पण्ड्या ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा, कि जिले में आंगनवाडी के 10 हजार से अधिक बच्चों को विद्यारंभ उत्सव के माध्यम से शालाओं में प्रवेश दिलाया जा रहा हैं।

# तरुण खटीक हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के पर्व पर युवक तरुण खटीक की हुई निर्मम हत्या को लेकर स्थानीय समाजजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में सर्व हिंदू समाज, क्षत्रिय खटीक समाज कल्याण संघ, क्षत्रिय मालवा खटीक सेना एवं अखिल भारतीय खटीक समाज संघ ह441 के संयुक्त तत्वावधान में तहसीलदार श्रीमती रूपाली जैन को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन का वाचन सर्व हिंदू समाज की ओर से ओमप्रकाश व्यास एवं खटीक समाज के अध्यक्ष पूनमचंद कायस्थ ने किया।

श्री कायस्थ ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि होली जैसे पावन पर्व पर हुई इस हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह कृत्य न केवल मानवता को शर्मसार करने वाला है, बल्कि समाज में असुरक्षा का वातावरण भी पैदा कर रहा है। समाज ने मांग की है कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रुपये का मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। आरोपियों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए।इस अवसर पर सर्व हिंदू समाज एवं खटीक समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप सेऱ्संतोष बगैरवाल, हरि गोविंद मेलवानी, सांवरिया शर्मा, रामनिवास निहाल, जगदीश मेघवंशी, हुकम चंद वर्मा, राजेश गोसर, मनीष रेशमिया, अखिलेश पाठक, दिनेश पंचोली, प्रेम प्रकाश पड्या, संदीप यादव, कन्हैयालाल बर्फानी, संदीप प्रजापत, हीरालाल चौहान, शेर सिंह झाला, भीम सिंह डोबरिया, दशरथ सिंह पंड्या शामिल हुए।

वहीं खटीक समाज की ओर से प्रेम कुमार खींची, चंदरलाल भारती, अशोक चंदेल, नारायण बागड़ी, श्याम चंदेल, विष्णु सोलंकी, ओम प्रकाश चंदेल, सुनील चंदेल, सुंदर लाल चावला, प्रवीण भारती, मन सोलंकी, विनायक चंदेल, अशोक कोहली, गणेश कोहली, मांगीलाल कोहली, पवन कोहली, रमेश कोहली, पंकज कोहली सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# जिले की आंगनवाड़ियों में लगीं बाल चौपाल, हुआ 'विद्यारंभ समारोह' का आयोजन



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्वालियर जिले में भी प्रारंभिक शिक्षा को नई पहचान देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा की गई पहल के तहत मंगलवार 24 मार्च को 1493 आंगनबाड़ियों में बाल चौपाल लगाकर उत्साहपूर्वक विद्यारंभ समारोह का आयोजन हुआ। शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 5 से 6 आयु के बच्चों को विद्यारंभ समारोह में 25 हजार 920 विद्यारंभ प्रमाण-पत्र प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया गया।

इस अवसर पर यूट्यूब के जरिए भोपाल में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। साथ ही प्रतिभागियों ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया का उदबोधन सुना। कार्यक्रम में विद्यारंभ प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इससे शाला पूर्व शिक्षा को सामाजिक और संस्थागत मान्यता मिलेगी। आंगनबाड़ी केन्द्र वीरपुर में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गीता भूपेन्द्र कुशवाह एवं संयुक्त संचालक महिला बाल विकास श्रीमती सीमा शर्मा की मौजूदगी में विद्यारंभ समारोह आयोजित हुआ। इसी तरह मीडिया रिसोर्स सेंटर मुरार में जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्री दिलराज किरार व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्रीमती उपासना राय की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा जिले की अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी बाल चौपाल एवं विद्यारंभ महोत्सव का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय ने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिसके अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र देकर उनके शैक्षणिक जीवन की औपचारिक शुरुआत को मान्यता देने के प्रयास किए गए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अनौपचारिक शिक्षा से औपचारिक विद्यालयी प्रणाली में सुगम संक्रमण को सुनिश्चित करना, परिवार और समुदाय को शाला पूर्व शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रारंभिक शिक्षा के सशक्त केन्द्र के रूप में स्थापित करना है।

# पीएमएस परिसंपत्तियों में तेज़ वृद्धि से वेल्थ मैनेजमेंट में संरचनात्मक बदलाव के संकेतः धनवेस्टटर



मुंबई। भारत में पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज़ उद्योग में तेज़ी से हो रही वृद्धि उच्च-निवल-मूल्य निवेशकों के निवेश दृष्टिकोण में आ रहे संरचनात्मक बदलाव को दर्शाती है। यह बात महिलाओं पर केंद्रित पीएमएस प्लेटफ़ॉर्म धनवेस्टटर ने कही है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के हालिया आंकड़ों के अनुसार, पीएमएस के तहत प्रबंधित परिसंपत्तियां बढ़कर 10.5 लाख करोड़ से अधिक हो गई हैं, जो 2022 के स्तर से लगभग दोगुनी हैं। इसी अवधि में पीएमएस निवेशकों की संख्या में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है, जो कस्टमाइज़्ड निवेश समाधानों की बढ़ती मांग को दर्शाती है।

बाज़ार विशेषज्ञों के अनुसार, यह वृद्धि बचत के बढ़ते वित्तीयकरण, इक्विटी बाज़ारों में बढ़ती भागीदारी और पारंपरिक निवेश उत्पादों से आगे बढ़कर डिफरेंशिएटेड पोर्टफोलियो रणनीतियों की मांग जैसे कारकों से प्रेरित है।

इस पर टिप्पणी करते हुए, धनवेस्टटर की संस्थापक एवं सीईओ अनुश्का सोहम बाथवाल ने कहा कि पीएमएस उद्योग की तेज़ वृद्धि भारत के वेल्थ मैनेजमेंट इकोसिस्टम के परिपक्व होने का संकेत है।

PMS उद्योग का विस्तार स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि निवेशकों का व्यवहार बदल रहा है। आज के परिष्कृत निवेशक कस्टमाइज़्ड पोर्टफोलियो एलोकेशन, गहन सहभागिता और निवेशों के साथ अधिक प्रत्यक्ष जुड़ाव चाहते हैं। पीएमएस इस तरह का लचीलापन प्रदान करता है, जिससे उच्च-निवल-मूल्य वर्ग में इसकी स्वीकार्यता तेज़ी से बढ़ रही है, उन्होंने कहा।

उन्होंने आगे कहा कि परिसंपत्तियों में यह वृद्धि सक्रिय रूप से प्रबंधित इक्विटी पोर्टफोलियो में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को भी दर्शाती है, जो दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण पर केंद्रित हैं।

जैसे-जैसे भारत के पूंजी बाज़ार गहराते जा रहे हैं और संपत्ति निर्माण की गति बढ़ रही है, निवेशक अब ऐसी रणनीतियों की तलाश कर रहे हैं जो उनके व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम प्रोफाइल के अनुरूप हों। PMS परिसंपत्तियों में वृद्धि इसी बदलाव को दर्शाती है, बाथवाल ने कहा।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में यह रुझान और मजबूत हो सकता है, जिसे उच्च-निवल-मूल्य निवेशकों की बढ़ती संख्या, घरेलू बचत के वित्तीयकरण में तेजी और इक्विटी बाज़ारों में गहरी भागीदारी से समर्थन मिलेगा।

बेहतर गवर्नेंस, पारदर्शिता और पोर्टफोलियो अनुशासन के साथ PMS उद्योग के पास दीर्घकालिक और संतुलित निवेश परिणाम प्रदान करते हुए बड़े पैमाने पर विस्तार करने की क्षमता है, उन्होंने जोड़ा।

भारत का PMS उद्योग अब एसेट मैनेजमेंट इकोसिस्टम के सबसे तेज़ी से बढ़ते सेगमेंट्स में से एक बनकर उभर रहा है, जहां समृद्ध निवेशक दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के अनुरूप वैकल्पिक निवेश रणनीतियों की ओर देख रहे हैं।

# जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीएस चौहान के नेतृत्व में जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हाई-रिस्क आबादी की सघन स्क्रीनिंग करना और संभावित मरीजों की पहचान कर उनका समय पर उपचार शुरू करना है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जिले में टीबी उपचार की सफलता दर निरंतर बेहतर बनी हुई है। वर्ष 2022 में यह 88.96 प्रतिशत और वर्ष 2023 में 89.17 प्रतिशत रही। वर्ष 2025 में जिले की लगभग 3.27 लाख हाई-रिस्क जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 46 प्रतिशत का एक्सरे किया गया और 1875 नए मरीजों की पहचान कर उनका उपचार शुरू किया गया। वर्ष 2026 में अब तक 681 मरीजों का उपचार प्रारंभ हो चुका है।

सक्रिय केस खोज के तहत विभाग ने उन समूहों की पहचान की है जहाँ टीबी संक्रमण का खतरा अधिक है। इनमें झुग्गी बस्तियाँ, निर्माण स्थल, जेल, रैन बसेरे, कुपोषित बच्चे, सिलिकोसिस पीड़ित, और मधुमेह या एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति शामिल हैं। जिला क्षय अधिकारी डॉ. हर्ष महाजन ने निजी चिकित्सकों और एक्सरे लैब संचालकों से अपील की है कि वे हर संभावित मरीज की स्क्रीनिंग करें और अनिवार्य रूप से उसका नोटिफिकेशन विभाग को भेजें।

अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवड़ा ने स्वयंसेवी संस्थाओं और समाजसेवियों से निक्षय मित्र बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सक्षम नागरिक स्वेच्छा से टीबी रोगियों को फूड बास्केट वितरित कर उनके पोषण में मदद कर सकते हैं। वहीं, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री विजय ठक्कर ने मरीजों को प्रोटीन युक्त आहार लेने और नियमित दिनचर्या बनाए रखने की सलाह दी है, ताकि वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें।

स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से आग्रह किया है कि यदि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, सीने में दर्द, शाम के समय बुखार आना या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत नजदीकी आयुष्मान आरोग्य केंद्र या स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराए। अधिकारियों ने सलाह दी है कि टीबी का इलाज बीच में कभी न छोड़ें, क्योंकि ऐसा करने से बीमारी ड्रग रेजिस्टेंट हो सकती है, जो अधिक घातक है।

# विश्व क्षय दिवस पर हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 24 मार्च 2020 को विश्व क्षय दिवस पूरे भारत में मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में जिला क्षय केन्द्र बड़वानी में एक जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधीयों की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण एवं टीबी मरीजों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में अतिथि श्री राजन मण्डलोई, विधायक, विधानसभा क्षेत्र बड़वानी, श्रीमति सुमन बाई वर्मा उपाध्यक्ष, जिला पंचायत बडवानी एवं पार्षदगण द्वारा टी.बी. मरीजों को सहयोग के रूप में निक्षय मित्र योजना अंतर्गत फूड बॉस्केट का वितरण करते हुए समाजसेवीयों एवं दानदाताओं को टीबी मरीजों के मित्र बनकर सहयोग करने की अपील की गई। जिला क्षय अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता ने कार्यक्रम में बताया की जिले में प्रतिवर्ष लगभग 2300 टीबी मरीजों को निःशुल्क उपचार दिया जाकर 97 प्रतिशत मरीजों को रोगमुक्त किया जा रहा है। सभी उपचारत टीबी मरीजों को शासन द्वारा निक्षय पोषण योजना अंतर्गत 6000 रु. की राशि सहयोग के रूप में डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में प्रदाय की जा रही है साथ ही 100 प्रतिशत मरीजों को फुड बॉस्केट योजना का लाभ दिया जा रहा है। बड़वानी विधायक श्री मण्डलोई द्वारा समाज को टीबी रोग के प्रति जागरूक होने एवं लक्षण होने पर तुरंत जांच एवं उपचार लेने की अपिल की गई। उपाध्यक्ष जिला पंचायत बड़वानी द्वारा समाज को पोष्टीक आहार लेने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की सलाह दी गई। डॉ. सुरेखा जमरे, सीएमएचओ द्वारा बताया गया कि सम्पूर्ण जिले की सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क जांच एवं उपचार की व्यवस्था उपलब्ध है।

# गोगावां में शीतला माता मंदिर महाआरती के लिए प्रशासन मुस्तैद

**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला प्रशासन द्वारा कस्बा गोगावां में आगामी 25 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली पारंपरिक शीतला माता मंदिर महाआरती के लिए सुरक्षा और जनसुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

सुरक्षा के लिए अभेद्य घेराबंदी और बैरिकेडिंग- आयोजन के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा की दृष्टि से अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), भीकनगांव और लोक निर्माण विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। महाआरती स्थल पर मजबूत बैरिकेडिंग, जाली, कनात और ड्रॉप गेट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे कार्यक्रम पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करें।

आपातकालीन चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएँ- श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मंदिर परिसर में 25 मार्च को प्रातः 07रू00 बजे से पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टरों की टीम, एम्बुलेंस और पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता अनिवार्य की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल उपचार मिल सके।


विद्युत विभाग को महाआरती स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सतत बिजली आपूर्ति बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान लाइटिंग की समुचित व्यवस्था और विद्युत सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है, ताकि श्रद्धालुओं को अंधेरे या तकनीकी कारणों से कोई परेशानी न हो।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे मंदिर परिसर में पानी के टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही, आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम मय वाहन आयोजन स्थल पर मुस्तैद रहेगी। अपर जिला दंडाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर त्वरित कार्यवाही कर सूचित करने के आदेश दिए हैं।

# अदलपुरा सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्र में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं बाल चौपाल का आयोजन

**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश तथा रॉकेट लर्निंग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संचालित मिशन नीव के अंतर्गत भीकनगांव परियोजना के सेक्टर अदलपुरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 पर विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम एवं बाल चौपाल का आयोजन किया गया। आयुक्त महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज एवं सुचारु रूप से स्थानांतरित करना तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में दी जा रही प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। इसके माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा की महत्ता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अभिभावकों को पीले चावल देकर आमंत्रण दिया गया। बच्चों एवं उनके माता-पिता का पुष्पों से स्वागत किया गया। बाल चौपाल के दौरान बच्चों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शैक्षणिक गतिविधियाँ कराई गईं तथा बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री अशोक बामनिया, श्री कैलाश गंधारे, प्राथमिक शिक्षा मिशन नीव से श्री नरेंद्र प्रजापत उपस्थित रहे। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शीतल प्रजापत, कमला दयाल सहित ग्राम के अभिभावक मौजूद रहे।

# चेतक स्क्रीन अवार्ड्स- 24 नॉमिनेशंस के साथ धुरंधर सबसे आगे; 5 अप्रैल के समारोह से पहले सैयारा और होमबाउंड भी दौड़ में शामिल




मुंबई। द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की स्क्रीन एकेडमी ने आगामी 5 अप्रैल को होने वाले चेतक स्क्रीन अवार्ड्स के लिए सभी 31 श्रेणियों में नामांकनों की घोषणा कर दी है। यह समारोह 2025 की सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्मों और OTT कंटेंट के सम्मान में आयोजित किया जाएगा।

आदित्य धर की स्पाय थ्रिलर धुरंधर 24 नॉमिनेशंस के साथ सबसे आगे रही, जबकि मोहित सूरी की सैयारा ने 17 और नीरज घेवान की होमबाउंड ने 15 श्रेणियों में अपनी जगह बनाई। ये नॉमिनेशंस थिएटर और OTT, दोनों प्लेटफॉर्म्स की फिल्मों के लिए हैं, जो आज के भारतीय सिनेमा की बदलती तस्वीर को दर्शाते हैं।

पूरी तरह निष्पक्ष और केवल योग्यता पर आधारित प्रक्रिया- 1995 में शुरू हुए स्क्रीन अवार्ड्स अपनी संपादकीय निष्पक्षता के लिए जाने जाते हैं। इसका संचालन स्क्रीन एकेडमी करती है, जो 50 से अधिक दिग्गज फिल्मकारों, कलाकारों और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े दिग्गजों की एक स्वतंत्र, गैर-लाभकारी संस्था है। इस साल, एकेडमी के 95% से ज्यादा सदस्यों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ओलंपिक पद्धति का इस्तेमाल किया गया, जिसमें हर कैटेगरी को औसतन 38-40 विशेषज्ञों ने परखा।

इस प्रक्रिया को और अधिक सटीक बनाने के लिए, यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया के स्कूल ऑफ सिनेमैटिक आर्ट्स में सिनेमा और मीडिया स्टडीज की चेयरपर्सन, प्रोफेसर प्रिया जयकुमार ने एक खास स्कोरिंग सिस्टम तैयार किया है, जिसके आधार पर एकेडमी के सदस्य फिल्मों को अंक देते हैं।

20 वर्षों में पहली बार, कोई फिल्म अवॉर्ड शो लाइव टेलीकास्ट होगा। द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच के तहत, यूट्यूब के साथ खास साझेदारी के जरिए इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, इसका सीधा प्रसारण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर भी होगा।

# कँवरतारा पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से श्री कँवरतारा पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल मण्डलेश्वर में एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया।

शिविर में एसडीएम सुश्री पूर्वा मंडलोई की उपस्थिति में मेडिकल टीम द्वारा टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर पालकगण, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जनशिक्षक भी मौजूद रहे।

कैंप के दौरान कुल 17 पात्र छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य श्री जोशी ने एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे बालिकाओं के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक बताया। वहीं एसडीएम सुश्री मंडलोई ने छात्राओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करते हुए जागरूकता का संदेश दिया।

कैंप के समापन अवसर पर एसडीएम सुश्री मंडलोई द्वारा टीकाकरण कराने वाली खरगोन 24 मार्च 2026। बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से श्री कँवरतारा पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल मण्डलेश्वर में एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम सुश्री पूर्वा मंडलोई की उपस्थिति में मेडिकल टीम द्वारा टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर पालकगण, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जनशिक्षक भी मौजूद रहे। कैंप के दौरान कुल 17 पात्र छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री जोशी ने एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे बालिकाओं के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक बताया। वहीं एसडीएम सुश्री मंडलोई ने छात्राओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करते हुए जागरूकता का संदेश दिया। कैंप के समापन अवसर पर एसडीएम सुश्री मंडलोई द्वारा टीकाकरण कराने वाली पात्र छात्राओं का पुष्पहार से स्वागत किया गया तथा उन्हें फल वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। छात्राओं का पुष्पहार से स्वागत किया गया तथा उन्हें फल वितरण कर प्रोत्साहित किया गया।

# जनजातीय नृत्य और संगीत पर केंद्रित 'आदिरंग' महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनजातीय नृत्य, संगीत एवं शिल्प कलाओं पर केंद्रित 3 दिवसीय आदिरंग महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुक्रवार शाम को छनेरा के स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह तोमर, नगर परिषद छनेरा के अध्यक्ष श्री मुकेश वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत, हरसूद श्रीमती ममता सतीश सावनेर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री डॉक्टर विजय शाह ने कहा कि आदिरंग महोत्सव का आयोजन सामान्यतः भोपाल, इंदौर, जबलपुर जैसे महानगरों में होता है। खंडवा जिले के छोटे से कस्बे छनेरा में इतने बड़े कार्यक्रम के आयोजन की स्वीकृति के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी लोककला, संस्कृति तथा आदिवासियों के गौरवशाली इतिहास के बारे में नागरिकों को जानकारी देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। मंत्री श्री शाह ने उपस्थित नागरिकों को नववर्ष एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री तोमर ने इस राज्य स्तरीय आयोजन के लिए क्षेत्र के नागरिकों को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ छनेरा के अरिहंत पब्लिक स्कूल की छात्रा तनीषा राजोरिया के एकल नृत्य से हुआ।

पहले दिन हुए ये कार्यक्रम- जनजातीय नृत्य-संगीत एवं शिल्प कलाओं पर केंद्रित यह आयोजन जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी भोपाल एवं जिला प्रशासन खण्डवा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जननायक जनजातीय जनयोद्धाओं केन्द्रित एवं माँ नर्मदा गोण्ड जनजातीय गीतों और कथाओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का भी संयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को पिथौराः भीली जल कथा नृत्य-नाट्य जिसका पुनर्सयोजनः चन्द्रमाधव बारीक, भोपाल द्वारा किया गया। वहीं समारोह में महाकाल ढोल श्री बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति, भोपाल, भगोरिया नृत्य भील जनजातीय कैलाश सिसोदिया एवं साथी-धार, बधाई-नौरता नृत्य रचना तिवारी एवं साथी- सागर, करमा-फाग नृत्य बैगा जनजातीय- धनीराम बगदरिया एवं साथी-डिण्डोरी, राठ-होली नृत्य राठवा जनजातीय बनसिंह राठवा एवं साथी-गुजरात एवं सिंगारी नृत्य अभिजीत दास एवं साथी-उड़ीसा द्वारा प्रस्तुति गई।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

